उज्जैन
बुधवार
28
जनवरी, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-86
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र




विक्टोरिया बेकहम के सपोर्ट में उतरीं कंगना रनोट रियल क्वीन पोस्ट शेयर कर लिखा- कोई सास-बहू ड्रामा मुझे विक्टोरिया से नफरत नहीं दिला सकता

पेज- 8



# प्लेन क्रैश में महाराष्ट्र डिप्टी सीएम अजीत पवार का निधन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजीत पवार का निधन हो गया। बारामती में उनका प्लेन क्रैश हो गया। बताया जा रहा है कि बारामती एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान यह हादसा हुआ। हादसा रनवे पर लैंडिंग से पहले सुबह 8.45 मिनट पर हुआ। अब तक मिली जानकारी के अनुसार, अजीत मुंबई से एक प्राइवेट चार्टर्ड प्लेन में बारामती जा रहे थे। वहां पंचायत चुनाव को लेकर उनकी 4 जनसभाएं थीं। रिपोर्ट्स के मुताबिक लैंडिंग के दौरान प्लेन रनवे से उतर गया। हादसे में अजित पवार के साथ उनके पर्सनल असिस्टेंट, सुरक्षाकर्मी और प्लेन स्टाफ की भी जान गई है।

## पुणे जिला प्रशासन ने भी अजित पवार समेत सभी 6 लोगों की मौत की पुष्टि की



## अजीत पवार की पत्नी और बहन बारामती रवाना

अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार और सांसद सुप्रिया सुले समेत पवार परिवार के सभी सदस्य बारामती के लिए रवाना हो गए हैं। पुणे जिला प्रशासन ने भी अजित पवार समेत सभी 6 लोगों की मौत की पुष्टि कर दी है। प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से बात करके हादसे के बारे में जानकारी ली है।

## बजट सत्र का पहला दिन राष्ट्रपति मुर्मू के भाषण से शुरू होगा सेशन

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा का बजट सत्र बुधवार से शुरू होगा, जो 2 अप्रैल तक चलेगा। यह बजट सत्र दो हिस्सों में होगा। इसका



पहला हिस्सा 28 जनवरी से 13 फरवरी तक और दूसरा हिस्सा 9 मार्च से 2 अप्रैल तक होगा। इस दौरान कुल 30 बैठकें होंगी। 28 जनवरी और 1 फरवरी को कोई शून्यकाल नहीं होगा। सत्र का पहला हिस्सा आज से लोकसभा और राज्यसभा की जॉइंट मीटिंग में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण के साथ शुरू होगा। इस सेशन में मोशन ऑफ थैंक्स पर बहस और यूनियन बजट पर चर्चा पर फोकस रहेगा। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के लिए अस्थायी रूप से तीन दिन (2 से 4 फरवरी) तय हैं।

## ट्रम्प बोले- दूसरा नौसैनिक बेड़ा ईरान की ओर बढ़ रहा

**वॉशिंगटन।** ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शनों के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के खिलाफ अपनी धमकी तेज कर दी है। अमेरिका ईरान के आस-पास अपनी सैन्य मौजूदगी बढ़ाने की तैयारी में है। मंगलवार को दिए एक भाषण में ट्रम्प ने दावा किया है कि अमेरिका का एक और नौसैनिक बेड़ा ईरान की दिशा में आगे बढ़ रहा है। हालांकि ट्रम्प ने ज्यादा जानकारी नहीं दी। उन्होंने उम्मीद जताया है कि ईरान को नए समझौते पर सहमत किया जा सकता है। एक हफ्ते पहले भी ट्रम्प ने इसी तरह का बयान देते हुए कहा था कि एक बड़ा अमेरिकी सैन्य बेड़ा ईरान की तरफ बढ़ रहा है। बीबीसी फारसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी युद्धपोत वरर अब्राहम लिंकन मिडिल ईस्ट में पहुंच चुका है।

## इस्तीफा देने वाले बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट हाउस अरेस्ट

**बरेली।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान में इस्तीफा देने वाले बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट को हाउस अरेस्ट किया गया है। अलंकार



अग्निहोत्री ने गेट के अंदर ही खड़े होकर मीडिया से कहा- मुझे सरकारी आवास से बाहर नहीं निकलने दिया जा रहा। एडीएम कंपाउंड में मिनी जेल के तौर पर रखा गया है। 3 बजे के बाद मुझे किसी अज्ञात स्थान पर ले जाया जा सकता है। अफसर ने कहा- हमारे संपर्क में कुछ सवर्ण अधिकारी हैं, जिनसे मुझे ये जानकारी मिली है। हमारे फोन और जो हमारे संपर्क में अधिकारी हैं। उन सभी के नंबर सर्विलांस पर लगा दिए गए हैं।

## मुंबई में विदेशी पर्यटक से टैक्सी ठगी का आरोप

**बई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जिसने एक बार फिर शहर में टैक्सी सेवाओं और पर्यटकों की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक विदेशी पर्यटक ने आरोप लगाया है कि मुंबई एयरपोर्ट पर उतरने के तुरंत बाद उसे टैक्सी चालक द्वारा ठगी का शिकार बनाया गया और महज 400 मीटर की दूरी तय करने के लिए उससे 18 हजार रुपये वसूले गए। यह आरोप सोशल मीडिया पर सामने आते ही तेजी से वायरल हो गया और लोगों में गुस्सा देखने को मिला। पीड़ित विदेशी पर्यटक ने यह पूरा मामला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा किया। अपने पोस्ट में पर्यटक ने बताया कि वह हाल ही में मुंबई पहुंची थी और एयरपोर्ट से एक टैक्सी लेकर हिल्टन होटल जा रही थी।

# चंडीगढ़ के स्कूलों को उड़ाने की धमकी

## सुबह साढ़े पांच बजे आई बम रखे जाने की मेल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चंडीगढ़

चंडीगढ़ के कुल सात स्कूलों को धमकी भरा ईमेल आया है। पुलिस मौके पर पहुंच गई है और बच्चों को घर भेजकर सर्च अभियान शुरू कर दिया गया है।

चंडीगढ़ के कई सरकारी और निजी स्कूलों को बुधवार सुबह धमकी भरे ईमेल मिले। जैसे ही स्कूल प्रबंधकों को इस बारे में सूचना मिली तो हड़कंप मच गया। प्रबंधकों की तरफ से पुलिस को सूचना दे दी गई है। सूचना मिलते ही बम डिटेक्शन की टीम और पुलिस की गाड़ियां स्कूलों में पहुंची और बच्चों को छुट्टी करवाकर परिसर में सर्च अभियान शुरू कर दिया गया है। जिन स्कूलों को धमकी मिली है, उनमें सेक्टर 16, 19, 22, 47 के सरकारी स्कूल, सेक्टर 49 का रयान स्कूल, सेक्टर 45 का सेंट स्टीफन स्कूल, भवन विद्यालय 27, आशियाना 46, टेंडर हार्ट सेक्टर 33, एसडी 32, सेंट जेवियर 44, विवेक 38 और सेक्टर सात का केबी डीएवी स्कूल शामिल है। बताया जा रहा है कि धमकी भरी ईमेल सुबह पांच बजकर 21 मिनट पर आई है। वहीं सूचना ये भी आ रही है कि पुलिस कंट्रोल रूम को लगातार स्कूलों से धमकी भरे ईमेल आने की जानकारी दी जा रह रही है।

# जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में एवलांच

## सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हुई घटना, कई होटलों को नुकसान, लगातार बर्फबारी जारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सोमनर्ग

जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग में लगातार जारी बर्फबारी से मंगलवार रात एवलांच (हिमस्खलन) आया। एवलांच में फिलहाल किसी की मौत या घायल होने की खबर नहीं है। कई होटलों को नुकसान पहुंचा।

अधिकारियों ने बताया कि एवलांच मंगलवार रात 10.12 बजे मध्य कश्मीर के गांदरबल जिले में सोनमर्ग रिजॉर्ट में हुआ। बचाव टीमों को घटनास्थल पर भेज दिया गया है। अधिकारियों ने बताया




कि वे स्थिति पर नजर रख रहे हैं।

जम्मू-कश्मीर और अन्य पहाड़ी राज्यों में लगातार बर्फबारी जारी है। इसके देखते हुए मौसम विभाग ने एवलांच का अलर्ट जारी किया था।

मंगलवार को भारी बर्फबारी के कारण जम्मू-श्रीनगर हाईवे बंद रहा। इसके साथ श्रीनगर एयरपोर्ट पर सभी फ्लाइट्स रद्द होने से लोगों को काफी परेशानी हुई।

इमरजेंसी सेवाओं और सशस्त्र बलों की आवाजाही में भी इससे रुकावट आई। अधिकारियों ने बताया कि बचाव और सड़क साफ करने का अभियान जारी लगातार जारी है।

श्रीनगर एयरपोर्ट पर, आने वाली 29 और जाने वाली 29 फ्लाइट्स रद्द कर दी गईं। अधिकारियों ने बताया कि लगातार बर्फबारी के कारण रनवे ऑपरेशन के लिए असुरक्षित हो गया था।

## विडंबना यह है कि बैंक पथ विक्रेताओं को

# लोन देने में रुचि नहीं दिखा रहे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश या फिर देश भर में हाथ ठेले और रेहड़ी चलाकर अपना जीवन यापन करने वाले स्ट्रीट वेंडरों को पीएम स्वनिधि योजना के तहत 50 लाख नए स्ट्रीट वेंडरों को सस्ता और सुलभ कर्ज देने का लक्ष्य रखा गया है। इनके साथ कुल 1.15 करोड़ स्ट्रीट वेंडरों को पीएम स्वनिधि योजना के तहत कर्ज उपलब्ध कराया जाएगा। लेकिन विडंबना यह है कि बैंक पथ विक्रेताओं को लोन देने में रूचि नहीं दिखा रहे हैं। यही वजह है कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में मध्य प्रदेश के पथ विक्रेताओं द्वारा बैंकों में लोन के लिए किए गए 17 लाख 60 हजार 100 आवेदनों में से एक लाख 89 हजार 185 आवेदन लौटा दिए गए। जो 14 लाख 67 हजार 843 आवेदन स्वीकार किए गए, उनमें भी 1,00,012 को मंजूरी नहीं दी गई है और 32,034 लोन वितरण लंबित है। हालांकि 14 लाख 35 हजार 809 आवेदनों में बैंकों से लोन वितरण हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर पथ विक्रेताओं के लिए पीएम स्वनिधि योजना-2.0 शुरू की गई, ताकि वे बैंक से ऋण लेकर स्वरोजगार स्थापित कर सकें। लेकिन पथ विक्रेताओं को लोन देने में बैंक रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इधर, प्रदेश के 11 जिले ऐसे हैं, जहां पीएम स्वनिधि योजना की स्थिति बेहद खराब है। यहां बैंकों ने 52,574 आवेदन लौटा दिए हैं। जिसके चलते अब छोटे व्यापारियों की दिलचस्पी इस योजना में नहीं रह गई है, जबकि इसकी राशि में भी इजाफा कर दिया गया है। पहली बार में दस के स्थान पर अब 15 हजार दिए जा रहे हैं और दूसरी बार में 20 के स्थान पर 25 हजार है। हालांकि बैतूल, आगर मालवा, हरदा, रतलाम, मंदसौर, बड़वानी, रीवा, पांढुर्णा, सतना और छिंदवाड़ा जिले में पीएम स्वनिधि योजना के तहत पथ विक्रेताओं को बैंकों से 99.50 प्रतिशत से लेकर 83.79 प्रतिशत लोन के आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। अपर मुख्य सचिव मप्र नगरीय विकास एवं आवास विभाग संजय दुबे का कहना है कि कुछ प्रकरणों में व्यक्ति नहीं पहुंचता है तो कुछ प्रकरणों में लोन के लिए आवश्यक दस्तावेजों पूरी नहीं होते हैं।

### योजना में किया गया बदलाव

स्ट्रीट वेंडर शहरी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं, लेकिन उन्हें औपचारिक ऋण, सामाजिक सुरक्षा और बाजार तक पहुंच की कमी का सामना करना पड़ता है। पुनर्गठित पीएम स्वनिधि योजना का उद्देश्य इन बाधाओं को दूर कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। यही कारण है कि योजना के दायरे और अवधि दोनों का विस्तार किया गया है। बीते 27 अगस्त 2025 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पीएम स्वनिधि योजना के पुनर्गठन को मंजूरी दी है। इसके तहत ऋण वितरण की अवधि 31 मार्च 2030 तक बढ़ा दी गई है। इस दौरान योजना पर 7,332 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। नई योजना में डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिए कैशबैक की व्यवस्था की गई है। नियमित डिजिटल खरीदारी पर सालाना 1,200 रुपये तक और थोक खरीदारी पर अतिरिक्त कैशबैक मिलेगा। इससे वेंडरों को न केवल त्वरित ऋण मिलेगा, बल्कि वो डिजिटल पेमेंट को लेकर भी सशक्त बनेंगे। समय पर ऋण चुकाने वालों को यूपीआई से जुड़े रुपे क्रेडिट कार्ड की सुविधा भी दी जाएगी। वर्तमान में पीएम स्वनिधि के तहत पहली किस्त में 15 हजार, दूसरी किस्त में 25 हजार और तीसरी किश्त में 50,000 रुपये का लोन दिया जाता है।




## खबर एक नजर...

### महिला ने शोर मचाया तो धमकी देकर भाग आरोपी

**उज्जैन।** तराना तहसील के ग्राम देवली में रहने वाले 20 वर्षीय विवाहित महिला के घर में 25-26 जनवरी की रात ग्राम में रहने वाला बुलबुल उर्फ बुल्ला पिता भगवानसिंह मोंगिया घुस गया था। उसने महिला को अकेला पाकर बुरी नियत से पकड़ा और गलत करने का प्रयास किया। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी युवक जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। महिला ने परिजनों के आने पर घटना बताई। मामला पुलिस तक पहुंचा तो आरोपी के खिलाफ धारा 331 (4), 74, 75, 351 (3) का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस के अनुसार आरोपी की तलाश में उसके ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। मंगलवार शाम तक गिरफ्त में नहीं आ सका था।

### अस्पताल से छुट्टी होने पर घर लौटी महिला की मौत

**उज्जैन।** 6 दिनों से आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज स्थित अस्पताल में भर्ती सीमा पति देवेन्द्र कुशवाह 22 साल निवासी पंवासा मल्टी सोमवार रात छुट्टी होने पर परिजनों के साथ घर लौटी थी। मंगलवार सुबह अचानक उसकी मौत हो गई। परिजनों चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद संदिग्ध मौत होने पर पंवासा थाना पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया है। इस दौरान परिजनों का कहना था कि पेट में तकलीफ होने पर उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था, 6 दिनों तक उपचार चला, स्वस्थ होने पर डॉक्टरों ने छुट्टी दी थी। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत की वजह स्पष्ट हो पायेगी।

### भैसोदा फंटे पर बाइक सवारों को कार ने मारी थी टक्कर

**उज्जैन।** मक्सीरोड भैसोदा फंटे से 21 जनवरी को मृतक अधेड़ को कुछ लोग चरक अस्पताल लेकर पहुंचे थे और लाश गेट पर छोड़ भागे थे। पंवासा थाना पुलिस ने मृतक की पहचान कैलाश भाटी 51 साल निवासी अमृत नगर पंवासा के रूप में की थी। जांच में सामने आया कि मृतक के साथ उसका साथी जितेन्द्र पिता रामसिंह बंजारा 30 साल बाजना तलाई माकडोन भी था। जो घायल हुआ है, उसका उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस घायल के बयान दर्ज करने पहुंची। जहां सामने आया कि ताजपुर से लौटते समय अज्ञात कार ने टक्कर मारी थी। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। जिसमें कार नम्बर एमपी 09 झेड व्हाय 8160 सामने आ गया। जांच पूरी होने के बाद कार चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। अब आरटीओ से जानकारी जुटाकर कार चालक की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

### परिवार से नाराज होकर चित्तौडगढ़ से उज्जैन आई थी बालिका

**उज्जैन।** देवासगेट बस स्टेंड पर बदहवास हालत में बालिका के भटकने की खबर मिलते ही देवासगेट थाना पुलिस पहुंची और बालिका को अपनी कस्टडी में लिया। बालिका को थाने लाकर महिला पुलिसकर्मी ने पूछताछ की। बालिका ने चित्तौडगढ़ राजस्थान से उज्जैन आई है। उससे बताया कि परिवार से नाराजा होकर घर छोड़ दिया है। पुलिसकर्मी ने उसे समझाया और परिवार की जानकारी लेकर बालिका के सकुशल मिलने की जानकारी दी। रतलाम में रहने वाले बालिका के रिश्तेदारों के उज्जैन पहुंचने पर बालिका के सुपुर्द किया गया। पुलिस के अनुसार बालिका के साथ कोई घटना-हादसा नहीं हुआ था। बालिका के सकुशल मिलने पर पर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया गया।

### रुपए नहीं देने पर अज्ञात बदमाशों ने युवक को मारे चाकू

**उज्जैन।** रेलवे फुट ओवर ब्रिज पर सोमवार-मंगलवार रात 3 बदमाशों ने गुजर रहे युवक से रुपए मांगे और लूटपाट का प्रयास किया। युवक ने विरोध किया तो बदमाश चाकू मारकर भाग निकले। चाकू लगने पर ईश्वर पिता शंकरलाल घायल हुआ है। जिसे उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया। मामले में जीआरपी ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

### भू-अधिग्रहण विवाद, 28 गांव के प्रभावित किसानों की मीटिंग

# अब बड़े आंदोलन की तैयारी, भाव ऊंचा, सड़क नीचे पर अड़े

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

उज्जैन को इंदौर और जावरा से जोड़ने के लिए बनाए गए करीब 7 हजार करोड़ की दो ग्रीन फील्ड सड़कों का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। दोनों सड़कों से प्रभावित उज्जैन, इंदौर और रतलाम जिले के 90 गांव के किसानों ने अब बड़े आंदोलन की तैयार कर ली। सभी 25 फरवरी से उज्जैन में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने की योजना बना ली है।

आंदोलन को लेकर सोमवार शाम को उज्जैन-इंदौर ग्रीन फील्ड प्रभावित 28 गांवों के किसानों की इंदौर जिले के ग्राम चित्तौड़ा में बैठक हुई। इसमें किसानों ने आरपार की लड़ाई की योजना बना ली। उज्जैन और इंदौर जिले की किसानों की इस संयुक्त मीटिंग में आगामी 25 फरवरी से अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। प्रदर्शन उज्जैन कलेक्टोरेट परिसर में होगा। बैठक में निर्णय लिया कि आरपार की इस लड़ाई में उज्जैन-इंदौर ग्रीन फील्ड रोड के 28 गांवों के साथ ही उज्जैन-जावरा रोड प्रभावित 62 गांव के किसानों ने भी शामिल होने की सहमति दे दी है। यानी उज्जैन जिले के किसानों के साथ इस आंदोलन में उक्त दोनों ग्रीन फील्ड सड़कों से प्रभावित इंदौर व रतलाम जिले के गांव के किसान भी शामिल होंगे।



**उज्जैन के 56 गांव प्रभावित-** शहर को इंदौर और जावरा से जोड़ने के लिए दो ग्रीन फील्ड एक्सिस कंट्रोल रोड बनाए जाना है। जिले को इंदौर से जोड़ने वाले ग्रीन फील्ड से उज्जैन के 7 और इंदौर जिले के 21 गांव प्रभावित होंगे। वहीं उज्जैन-जावरा ग्रीन फील्ड से उज्जैन के 49 और रतलाम जिले के 13 गांव प्रभावित हो रहे हैं। दोनों हाई-वे में कुल 56 गांव प्रभावित होंगे।

### भाव ऊंचा, सड़क नीचे पर अड़े

चांदमुख निवासी नरेंद्र आंजना और हासामपुरा निवासी राजेश सोलंकी ने बताया प्रभावित किसानों की सिर्फ दो ही मांगें हैं। जमीन का भाव (मुआवजा) ऊंचा और हाई-वे नीचा हो। आगामी 25 फरवरी को उज्जैन कलेक्टोरेट के पास सभी प्रभावित किसान संयुक्त रूप से अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। दोनों ग्रीन फील्ड सड़कों को जमीन से करीब 15 फीट ऊंचाई से निकाली जाना है। दोनों ही ग्रीन फील्ड हाई-वे से बीच में आने वाले प्रभावित गांवों की कनेक्टिविटी भी नहीं रहेगी। वहीं ज्यादा हाइट वाली सड़क बनाने से किसानों को खेती के लिए एक तरफ से दूसरी तरफ वाली जमीन पर खेती करने में भी दिक्कतें आएंगी। पानी भराव का खतरा भी बढ़ेगा। इधर, पिछले 2-4 सालों में जमीनों के दाम 2 से 3 करोड़ रुपए बीघा हो गए, लेकिन अधिग्रहण में उन्हें मुआवजा 10-15 लाख रुपए ही दिया जा रहा है।

### गिरफ्त में तिरूचिरापल्ली की ठक-ठक गैंग के 7 बदमाश

# कागज में छर्रा लपेट गुल्ले से चटकाते हैं कारों के कांच

### नानाखेड़ा से उड़ाया था 20 लाख से भरा बेग, 4.20 लाख बरामद, 4 से रिमांड पर पूछताछ





**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

श्रद्धालु बनकर होटल में रूम बुक कराने के बाद 3 थाना क्षेत्रों में खड़ी कारों के कांच फोड़कर कपड़ों और रूपयों से भरे बेग चोरी करने वाली तिरूचिरापल्ली की ठक-ठक गैंग 25 दिनों की तलाश के बाद पुलिस गिरफ्त में आई है। गैंग के 3 बदमाशों को जेल भेज 4 का पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है।

30 दिसंबर की देर शाम कॉसमॉस पार्किंग में खड़ी प्रापर्टी बोकर्स आकाश पिता मनोज लश्करी निवासी कुशलपुरा की कार क्रमांक एमपी 09 डब्ल्यू ई 5664 का कांच फोड़कर अज्ञात बदमाशों ने 20 लाख रुपए से भरा बेग उड़ा दिया था। वारदात के बाद नानाखेड़ा थाना पुलिस जांच-पड़ताल के लिये पहुंची थी। इस दौरान सामने आया था कि बदमाशों ने माधवनगर थाना क्षेत्र के सेठी बिल्डिंग के पास होटल क्रश के बाहर खड़ी संजीव जैन निवासी मयूर नगर फिरोजाबाद की कार का कांच फोड़ बेग चोरी किया है। यहीं नहीं महाकाल थाना क्षेत्र की हरसिद्धी पाल स्थित पार्किंग में खड़ी दीपक पांडे निवासी पूणे महाराष्ट्र की कार से भी इसी तरह वारदात कर 29 दिसंबर को बेग चोरी किया गया है। नानाखेड़ा पुलिस से कॉसमॉल के आसपास कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें आधा दर्जन बदमाश दिखाई दिये थे। जिनकी गिरफ्तारी के लिये थाना प्रभारी नरेन्द्र यादव ने एसआई अनिल ठाकुर, एएसआई हरनारायण शर्मा, प्रधान आरक्षक दिग्विजयसिंह, आरक्षक श्यामवरण सिंह, मुकेश मालवीय, राजेश वर्मा, सोहन वर्मा की टीम बनाई और सायबर सेल प्रधान आरक्षक प्रेम सभरवाल को शामिल किया। 25-26 दिनों की तलाश के बाद पुलिस ने तमिलनाडू के तिरूचिरापल्ली के 7 बदमाशों आदिनथ पिता तंदायुदपानी शेरवे 60 साल, कारवणन पिता आदिथन 31 साल, शशि कुमार पिता सनमुगम शेरवे 45 साल, कार्तिकेय पिता सूर्यकुमार शेरवे 35 साल, नित्याआनंथम पिता कनन 27 साल, किरण कुमार पिता सुथिल 27 साल और हरीश पिता चंदरन एमबीसी मुद्रा 23 साल को गिरफ्तार किया है। बदमाशों का एक साथी फरार है। गिरफ्त में आये 7 बदमाशों से 4.20 लाख नगद बरामद किये गये है।

### 4 को रिमांड पर लिया, 3 को भेजा जेल

एसआई अनिल ठाकुर ने बताया कि गिरफ्त में आये सभी बदमाशों को 26 जनवरी को न्यायालय में पेश किया गया था। जहां से कार्तिकेय उर्फ लव वर्ल्ड, कारवणन, शशि कुमार और आदिथन को 9 दिनों की रिमांड पर पूछताछ के लिये लिया गया है। 3 बदमाशों को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। गैंग ठक-ठक नाम से तमिलनाडू में पहचानी जाती है। यह वारदात से पहले पार्किंग में खड़ी कारों की रैकी करते है। फिर आसपास घेरा बनाते है। कांच फोड़ने के लिये कागज में छर्रा लपेटते है और गुल्ले से कांच पर मारते है। इस दौरान 2 से 3 बदमाश आसपास लोगों को पता पूछने के बहाने बरगलाते है। कांच चटकते ही उसे खोल बेग लेकर निकल जाते है।

### एक को भेजते गांव, मोबाइल-लेपटॉप करते कुरियर

पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में बदमाशों से सामने आया कि कार का कांच फोड़ने के बाद बेग निकालकर उसे चैक करते है। रुपए होने पर एक साथी को देकर उसे गांव भेज देते है। बेग में मोबाइल लेपटॉप होने पर उसे अपने गांव के किसी परिचित के नाम से कुरियर कर देते है। गांव लौटकर परिचित के यहां पहुंचा कुरियर प्राप्त करते और रूपयों का बंटवारा करते है। बदमाशों की गैंग पूरे देशभर में वारदात करती है। जिनका अपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है।

# उज्जैन में तेज बारिश के साथ गिरे ओले

### तराना और घट्टिया क्षेत्र के गांवों में आधे घंटे हुई बारिश



**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

उज्जैन के आसपास के क्षेत्रों में मंगलवार शाम को तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई। इससे पहले सुबह से बादलों ने डेरा डाल रखा था। शाम होते-होते तेज हवा चलने लगी। करीब 6 बजे से घट्टिया और तराना तहसील के ग्राम बनड़ा बमोरी व आसपास के गांवों में तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि हो गई।

आधे घंटे तक बारिश से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल आड़ी हो गई। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। ग्रामीण इलाके में हुई तेज बारिश से लोग भी परेशान होते रहे। बमोरी गांव में एक किसान के सात बीघा में लगी गेहूं की खेती पूरी तरह चौपट हो गई। मौसम विभाग ने बुधवार को भी प्रदेश में कई जगह बारिश की चेतावनी जारी की है।

# हनुमान नाका पर विवाद में दो पक्षों के बीच पत्थरबाजी


**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

गणतंत्र दिवस की संध्या पर हनुमान नाका पर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया दोनों ओर से जमकर लाठी-पथराव किया गया, सात लोग को चोंट आई। पुलिस ने क्रॉस प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि गणतंत्र दिवस की रात 9 बजे के लगभग हनुमान नाका शिवाजी नगर में रहने वाले नवीन उर्फ निहल पिता राकेश बिजोरिया और धर्मेन्द्र पिता दिलीप बौरासी के बीच रूपयों के लेनदेन की बात पर विवाद हो गया। नवीन बिजोरिया के परिवार ने धर्मेन्द्र बोरासी और उसके साथी लखन पर पथराव कर दिया। धर्मेन्द्र के साथी भी आ गये और लाठियों से हमला किया। पथराव और विवाद की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इस दौरान सामने आया कि धर्मेन्द्र और लखन को पथराव में चोंट लगी है। वहीं बिजौरिया परिवार से नवीन, उसकी मां सिद्धिबाई, पिता राकेश बिजोरिया, भाई गुलशन, बहन नंदिनी और जीजा गिरीश घायल को चोंट आई है। सभी को जिला अस्पताल ले जाया गया है।

उज्जैन
बुधवार
28
जनवरी, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### इंदौर से 10 अप्रैल को रवाना होगी भारत गौरव ट्रेन

**इंदौर।** मध्यप्रदेश के तीर्थयात्रियों के लिए खुशखबरी है। आईआरसीटीसी ने भारत गौरव पर्यटक ट्रेन का नया टूर पैकेज घोषित किया है। यह विशेष ट्रेन 10 अप्रैल को इंदौर से रवाना होगी, जिसमें यात्रियों को पुरी, गंगासागर, बाबा बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग, काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग, गया और अयोध्या के दर्शन कराए जाएंगे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह ट्रेन इंदौर के साथ-साथ उज्जैन, शुजालपुर, सीहोर, रानी कमलापति, इटारसी, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी और अनूपपुर स्टेशनों से होकर गुजरेगी। इन स्टेशनों से यात्री ट्रेन में सवार हो सकेंगे। 10 रात और 11 दिन की इस यात्रा में यात्रियों के खाने, ठहरने और स्थानीय भ्रमण की पूरी व्यवस्था शामिल रहेगी। टूर पैकेज में एलएचबी रैक में आरामदायक रेल यात्रा, ऑन-बोर्ड व ऑफ-बोर्ड भोजन, एसी/नॉन-एसी बसों से स्थानीय दर्शन, होटल में ठहराव, टूर एस्कॉर्ट, यात्रा बीमा, सुरक्षा और हाउसकीपिंग जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।

### एमपीपीएससी के बाहर चल रहा धरना खत्म

**इंदौर।** एमपीपीएससी छात्रों ने परिसर के बाहर चल रहा धरना मंगलवार शाम खत्म कर दिया। आयोग के अधिकारी नहीं आए तो छात्रों ने ज्ञापन आयोग के बाहर चस्पा कर दिया। छात्रों ने बेरोजगारी को खत्म करने की शपथ ली और आयोग व सरकार की उदासीनता के विरोध में मौन धारण किया। मप्र हाईकोर्ट की अनुमति के बाद एमपीपीएससी परिसर के बाहर चार दिन से चल रहा धरना आज दोपहर बाद खत्म हो गया। धरना नेशनल एजुकेटेड यूथ यूनियन के नेतृत्व में दिया गया। दरअसल, ठीक 13 महीने पहले दिसंबर 2024 में भी सैकड़ों पीएससी अभ्यर्थियों ने इसी तरह का आंदोलन किया था, जो करीब एक सप्ताह तक चला था, तब जिला प्रशासन ने कई मांगें मानने का आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया था, लेकिन अभ्यर्थियों का आरोप है कि उन वादों में से अधिकांश आज तक पूरे नहीं हुए। याचिकाकर्ता संस्था ने 22 से 28 जनवरी तक एमपीपीएससी कार्यालय के बाहर धरना देने की अनुमति मांगी थी, जिसे प्रशासन ने खारिज कर दिया था। इस पर हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। कोर्ट ने माना कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन नागरिकों का मौलिक अधिकार है और पूर्व में ऐसे प्रदर्शनों से कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का कोई ठोस आधार नहीं है।

### शिकायत के बाद भी पुलिस ने माफीनामा लिखवाकर छोड़ा

**इंदौर।** गणतंत्र दिवस पर चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच शहर में एरोड्रम थाना क्षेत्र के 60 फीट रोड पर सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एक सिरफिरे युवक ने एकतरफा प्यार में युवती के घर में घुसकर उसके भाई की चाकू से हत्या कर दी। मां पर भी वार किए। बाद में पुलिस को धमकाने के लिए खुद के पेट पर भी वार किए। घटना से आक्रोशित लोगों ने थाने के बाहर प्रदर्शन किया, क्योंकि परिवार ने छह दिन पहले शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई के बजाय पुलिस ने माफीनामा लिखवाकर ही आरोपी को छोड़ दिया। एरोड्रम टीआई तरुण सिंह भाटी ने बताया कि घटना कालानी नगर चौराहा स्थित अंजनी नगर में रहने वाले ऑप्टिकल व्यापारी धर्मेंद्र लखावत के घर पर हुई। सोमवार रात 8.50 बजे आरोपी वेदांत (24) पिता देवेंद्र सिंह सोलंकी चाकू लेकर युवती विधि को मारने पहुंचा। विधि की मां अनिता (46) पर तीन वार किए और भाई विधान (20) के सीने में भी चाकू घोंप दिया। अचानक हुए हमले से विधि घबरा गई और गैलरी में आकर चीखते हुए लोगों से मदद मांगी। जब लोग घर में आए तो अनिता व विधान लहूलुहान पड़े थे। विधान की इलाज के दौरान मौत हो गई।

### भागीरथपुरा में दूषित पानी से अब तक 29 मौतें, हाईकोर्ट ने बनाया जांच आयोग

# इंदौर में तीन मरीज अब भी आईसीयू में, एक वेंटिलेटर पर

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



इंदौर के भागीरथपुरा में एक और मरीज की मौत हो गई। इसके बाद दूषित पानी से हुई मौतों की संख्या 29 हो चुकी है। हालांकि, अब भर्ती मरीजों की संख्या सिर्फ 6 रह गई हैं। इनमें से 3 आईसीयू में हैं। एक वेंटिलेटर पर है।

दूसरी ओर, इसी मामले को लेकर हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में मंगलवार (27 फरवरी) को सुनवाई हुई। हाईकोर्ट की इंदौर बेंच में ढाई घंटे से ज्यादा सुनवाई चली। शुरूआत में मुख्य सचिव अनुराग जैन 10 मिनट तक वर्चुअल उपस्थित रहे। इस दौरान 23 मौतों की रिपोर्ट पेश की गई। जिसमें से 16 मौतें दूषित पानी से मानी है। जबकि चार को लेकर असमंजस की स्थिति बताई है। वहीं, तीन की मौत दूषित पानी से नहीं मानी है। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए स्वतंत्र जांच के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने कहा कि स्वच्छ पेयजल का अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार का हिस्सा है। यह मामला गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति से जुड़ा है। कोर्ट ने राज्य सरकार और नगर निगम की पेश रिपोर्ट पर सवाल उठाते हुए कहा कि जमीनी स्तर पर सुरक्षित पानी की आपूर्ति, इलाज और जांच संबंधी निदेर्शों का पूरा पालन नहीं हुआ है। मौतों के आंकड़ों को लेकर भी गंभीर असहमति सामने आई। जहां सरकारी रिपोर्ट में 16 मौतों को जलजनित बीमारी से जोड़ा गया है, वहीं याचिकाकर्ताओं ने मृतकों की संख्या लगभग 30 बताई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए हाईकोर्ट ने रिटायर्ड जस्टिस सुशील कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में एकल सदस्यीय जांच आयोग बनाया है। आयोग जल प्रदूषण के कारणों, वास्तविक मौतों की संख्या, बीमारियों की प्रकृति, चिकित्सा व्यवस्था की पर्याप्तता, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही और पीड़ितों को मुआवजे पर रिपोर्ट देगा।

### आयोग को व्यापक अधिकार

- कोर्ट ने दैनिक जल गुणवत्ता जांच और नियमित स्वास्थ्य शिविर जारी रखने के निर्देश देते हुए चार सप्ताह में अंतरिम रिपोर्ट मांगी है। अगली सुनवाई 5 मार्च 2026 को होगी। आयोग को सिविल कोर्ट के समान अधिकार दिए गए हैं। वह अधिकारियों व गवाहों को तलब कर सकेगा, दस्तावेज मंगा सकेगा, जल गुणवत्ता परीक्षण करा सकेगा और स्थल निरीक्षण कर सकेगा। राज्य सरकार आयोग को आवश्यक स्टाफ, कार्यालय और संसाधन उपलब्ध कराएगी।
- **रिपोर्ट में मौतों के कारण स्पष्ट रूप से दर्ज नहीं-** सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि भागीरथपुरा के 30 प्रतिशत हिस्से में वाटर सप्लाई शुरू कर दी गई है। यह हिस्सा साढ़े 9 किमी का है। हालांकि, जस्टिस विजय कुमार शुक्ला और आलोक अवस्थी की पीठ ने रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए हैं। रिपोर्ट में यूज किए गए वर्बल अटॉप्सी शब्द पर भी आपत्ति जताई है। कोर्ट ने पूछा है कि यह शब्द मेडिकल का है या आपके द्वारा ईजाद किया है। अदालत ने यह भी पाया कि रिपोर्ट में मौतों के कारण स्पष्ट रूप से दर्ज नहीं हैं और उसमें पर्याप्त तर्क एवं सहायक सामग्री का अभाव है। हाईकोर्ट ने निर्देश दिए हैं कि रिपोर्ट की विश्वसनीयता सिद्ध करने के लिए अधिक उपयुक्त, ठोस और प्रामाणिक दस्तावेज प्रस्तुत करें। इसके अलावा अंतरिम राहत के स्वरूप पर भी चिंता व्यक्त की। सवाल उठाया है कि समिति अपने सुझावों का प्रभावी और निष्पक्ष क्रियान्वयन किस प्रकार सुनिश्चित करेगी। क्षेत्र में लगातार हो रही मौतें और उनके कारणों की अनिश्चितता अत्यंत चिंताजनक है।
- **रिपोर्ट को बताया आई-वॉश-** सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने रिपोर्ट को अस्पष्ट बताते हुए उसे मात्र एक 'आई-वॉश' करार दिया है। न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला ने नगर निगम को निर्देशित किया कि वरिष्ठ अधिवक्ता के सुझाए गए परीक्षणों पर गंभीरता से विचार किया जाए। कोर्ट की सभी चिंताओं का स्पष्ट एवं ठोस उत्तर प्रस्तुत करें। इसके अलावा, सुनवाई के दौरान कोर्ट ने न्यायालय परिसर में स्वच्छता और जल की स्थिति का भी संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# पूरे परिवार को खत्म करने पहुंचा था सिरफिरा

### 20 मिनट बंधक रखा, युवती को मारने चाकू से किया हमला, भाई बीच में आ गया

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर



इंदौर में सनसनीखेज हत्याकांड को अंजाम देने वाले आरोपी वेदांत सोलंकी को अपने किए पर कोई पछतावा नहीं है। वह बार-बार धोखा मिलने की बात कह रहा है।

जबकि विधि उससे बात ही नहीं करना चाहती थी। इसी सनक के चलते उसने विधि पर हमला करने की योजना बनाई। उसका इरादा था कि अगर विधि और उसके माता-पिता उसकी बात नहीं मानेंगे तो वह उसे जान से खत्म कर देगा। एरोड्रम क्षेत्र के सुखदेव नगर में सोमवार रात जब वेदांत सोलंकी विधि के घर पहुंचा, तो वह उसके माता-पिता से बात करने लगा। काफी देर तक वह अंदर ही रुका रहा और विधि पर अपनी बात मनवाने का दबाव बनाता रहा। इसके बाद अचानक गुस्से में उसने विधि पर चाइनीज चाकू से हमला कर दिया। विधि को बचाने के लिए उसका भाई विधान बीच में आ गया। इसके बाद विधि बालकनी की ओर भागी और गेट बंद कर लिया। तब वेदांत अंदर ही रह गया। इस दौरान विधि ने मदद के लिए शोर मचाया। लोगों ने स्थिति देखी तो पुलिस को सूचना दी। करीब 10 मिनट में पुलिस मौके पर पहुंची और देखा कि विधि का भाई विधान घायल है, वहीं मां अनीता को भी चोटें आई हैं। गुस्से में वेदांत ने खुद को भी घायल कर लिया। जानकारी के मुताबिक, विधि जब पढ़ाई के लिए कोचिंग जाती थी, तब वहां वेदांत काम करता था। इसी दौरान उसकी विधि से पहचान हुई। सामान्य बातचीत के बाद वेदांत उसे लेकर गंभीर हो गया और लगातार उसका पीछा करने लगा। जब यह बात विधि के माता-पिता को पता चली तो उन्होंने वेदांत को पीछा छोड़ने के लिए कहा। इस पर वेदांत ने उन्हें धमकाया और भाई विधान को जान से मारने की बात भी कही। इसके चलते विधि ने घर से निकलना कम कर दिया। इस हत्याकांड से तीन-चार दिन पहले वेदांत ने विधि को ज्यादा परेशान करना शुरू कर दिया था।

# क्रिश्चियन कॉलेज की जमीन पर प्रशासन आज लेगा कब्जा

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

शहर के बीच सरवटे बस स्टैंड से लगी जमीन पर चल रहे क्रिश्चियन कॉलेज की लीज निरस्ती के बाद जिला प्रशासन बुधवार को उसका औपचारिक कब्जा लेगा। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि एसडीएम को इस संबंध में निर्देशित कर दिया है। हालांकि मंगलवार को इसी मामले में संभागायुक्त कार्यालय से अपर आयुक्त राजस्व द्वारा जारी एक पुराने स्टे ऑर्डर को लेकर गफलत हुई।

अपर कलेक्टर द्वारा जारी ऑर्डर में कहा गया कि आवेदक ने जो तर्क दिए हैं और जो आदेश हुआ है, वह प्राकृतिक न्याय सिद्धांतों के खिलाफ है। संस्था को प्रस्तुत तर्कों पर प्रतिपरीक्षण का अधिकार है। इसलिए आवेदक द्वारा लगाए गए स्टे आवेदन पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए जाते हैं। हालांकि शाम को ही इस आदेश को लेकर संभागायुक्त कार्यालय ने स्पष्ट किया कि अपर कलेक्टर का आदेश कलेक्टर द्वारा 26 दिसंबर को जारी प्रतिपरीक्षण के लिए दी गई अनुमति को अस्वीकार करने को लेकर था। इस मामले का ही निगरानी केस अपर आयुक्त कोर्ट में चल रहा था। चूंकि अब कलेक्टर द्वारा 12 जनवरी को जारी लीज निरस्ती का आदेश हो चुका है और इसकी जानकारी मंगलवार को ही मिली, इसलिए अपर आयुक्त कोर्ट में चल रहा केस भी समाप्त कर दिया है।

# इंदौर के डीएवीवी आईईटी में जूनियर्स से रैगिंग की शिकायत

### छात्र का आरोप- सिगरेट पीने का दबाव बनाया, इनकार करने पर बैच आउट की धमकी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर




देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग (आईईटी) में रैगिंग का एक और मामला सामने आया है। डी-होस्टल में रहने वाले बीटेक प्रथम वर्ष के छात्रों की शिकायत के बाद द्वितीय वर्ष के छात्रों के खिलाफ जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

जूनियर्स का आरोप है कि सीनियर छात्र उन्हें जबरन सिगरेट पीने के लिए मजबूर करते हैं। मना करने पर उन्हें बैच आउट कर देने की धमकी दी जाती है। बैच आउट किए गए छात्रों को शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से अलग रखा जाता है। उनसे सिर झुकाकर बात करने और हाथ जोड़कर रहने को कहा जाता है।

शिकायत में यह भी सामने आया है कि इस तरह की हरकतों में कुछ प्रथम वर्ष के छात्र भी शामिल हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए संस्थान ने मंगलवार को एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक बुलाई। जांच के दौरान कुछ सीनियर छात्रों के नाम भी उजागर हुए हैं। सूत्रों के अनुसार, आरोपियों में से कुछ को एक साल के लिए निष्कासित किया जा सकता है, जबकि कुछ को टीसी देने की तैयारी की जा रही है।

**25 अगस्तः** सीनियर छात्रों ने एक जूनियर के साथ मारपीट की, पांच छात्र निलंबित।

**30 सितंबरः** कैंपस में नेपाल के जेन-जेड आंदोलन जैसी साजिश की बात सामने आई, मामला दर्ज।

**1 अक्टूबरः** चार जूनियर छात्र होस्टल की खिड़की तोड़कर फरार हुए, रात में लौटे। इस दौरान 16 सीसीटीवी कैमरे तोड़े गए और डीवीआर भी ले जाया गया। पुलिस केस दर्ज।

### टीसी देने की कवायद चल रही

जानकारी के अनुसार पहले मामले में सिर्फ एक छात्र ने फोन के जरिए प्रबंधन को शिकायत की थी। लेकिन जब संस्थान ने बैठक बुलाई और सभी जूनियर्स से अलग अलग बात की तो 7 से 8 जूनियर्स ने रैगिंग की बात मान ली। इधर, लगातार रैगिंग के मामले सामने आने पर प्रबंधन की चिंता बढ़ गई है। इस बार सख्त कार्रवाई की तैयारी है। सीनियर्स को एक साल के लिए संस्थान से बाहर करने और कुछ छात्रों को टीसी देने की कवायद चल रही है।

**क्या है बैच इन, आउट-** सीनियर्स बैच इन छात्रों को सारे कार्यक्रमों में शामिल करते हैं। उनका सहयोग करते हैं। लेकिन बैच आउट के छात्रों को बात बात पर होस्टल में परेशान किया जाता है। सांस्कृतिक और एकेडमिक कार्यक्रमों से दूर रखा जाता है।

# उज्जैन के कनासिया में हर छठे घर में फौजी: 5 हजार की आबादी वाले गांव में 800 फौजी, पीढ़ियों से कर रहे देशसेवा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन जिले का कनासिया गांव किसी सैन्य बटालियन से कम नहीं है। करीब 5 हजार की आबादी वाले इस गांव में हर छठे घर से कोई न कोई सदस्य सेना में सेवा दे चुका है या वर्तमान में देश की रक्षा में तैनात है। कई परिवार ऐसे हैं जहां दो-दो और तीन-तीन युवा एक साथ सेना में हैं। कनासिया गांव आज पूरे प्रदेश में देशभक्ति और सैन्य परंपरा की मिसाल बन चुका है।

उज्जैन जिला मुख्यालय से करीब 55 किलोमीटर दूर तहसील तराना क्षेत्र में स्थित कनासिया गांव में वर्ष 1963 से ही सेना में भर्ती होने का जुनून देखने को मिलता है। गांव के 81 वर्षीय सालिगराम पहले ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंने सेना की वर्दी पहनी। इसके बाद उनके दो भाई-सोहन देथलिया और रणछोड़ लाल भी थल सेना में भर्ती हुए। तीनों भाइयों ने 1965 और 1971 के युद्ध में अहम भूमिका निभाई।

सेवा से निवृत्त होने के बाद तीनों भाइयों ने गांव लौटकर युवाओं में सेना के प्रति जोश और जज्बा भरा। इसका





नतीजा यह है कि अब तक गांव के करीब 800 युवा थल सेना, जल सेना और वायु सेना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

रिटायर्ड फौजियों का कहना है कि हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भी उन्होंने स्वेच्छा से आवेदन किया था कि देश को जब भी जरूरत पड़ेगी, वे फिर से सेवा देने को तैयार हैं। इसके साथ ही अग्निवीर भर्ती में भी गांव के 8 युवाओं का चयन हुआ है। रिटायर्ड जवानों का कहना है कि यदि सरकार अग्निवीरों को स्थायी सेवा का अवसर दे, तो गांव से बड़ी संख्या में युवा सेना में जाने को तैयार हैं।

### गांव के मैदान में रोज 100 युवा कर रहे ट्रेनिंग

सालिगराम ने बताया कि सेना से रिटायर्ड कई जवान अब गांव के युवाओं को प्रशिक्षण दे रहे हैं। रोज सुबह करीब 8 बजे गांव के मैदान में 100 से अधिक युवा इकट्ठा होते हैं। यहां थल, जल और वायु सेना से जुड़े रिटायर्ड जवान युवाओं को शारीरिक प्रशिक्षण, दौड़, अनुशासन और सेना भर्ती की तैयारी कराते हैं। रिटायर्ड हवलदार विनोद पटेल ने बताया कि वे वर्ष 2001 में थल सेना में भर्ती हुए थे और 17 साल की सेवा के बाद स्वेच्छा से रिटायर हुए। उनके परिवार के 3 सदस्य सेना में, 5 पुलिस में और 3 शिक्षा विभाग में सेवा दे रहे हैं। ऐसे कई परिवार कनासिया गांव में हैं। गांव में सबसे अधिक खाती पटेल समाज के लोग रहते हैं।

### खेल मैदान और प्रशिक्षण की सुविधा नहीं

विनोद पटेल का कहना है कि गांव ने देश को 800 जवान दिए, लेकिन आज भी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। खेल मैदान, संसाधन और प्रशिक्षण की सुविधाएं नहीं हैं। इसके बावजूद यहां के युवा अपने दम पर अभ्यास कर इतिहास रच रहे हैं। यदि शासन-प्रशासन इस गांव की ओर ध्यान दे, तो यहां के युवा न सिर्फ सेना में बड़े पदों तक पहुंच

## खबर एक नजर...

### ईपीएस-95 पेंशन बढ़ाने की मांग को लेकर धरना

**उज्जैन.** ईपीएस-95 राष्ट्रीय संगठन के निर्देश पर उज्जैन संभागीय संगठन ने धरना प्रदर्शन किया। इसके बाद संयुक्त आयुक्त भविष्य निधि कार्यालय में केंद्रीय श्रम मंत्री मनसुख मांडविया के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन की प्रतिलिपि कलेक्टर और सांसद अनिल फिरोजिया को भी सौंपी गई। संगठन ने मांग की कि ईपीएस-95 के तहत पेंशनरों को 7,000 से 7,500 रुपए मासिक पेंशन महंगाई भत्ते सहित तुरंत दी जाए। मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। धरने में नरेंद्र कुमार नागर, राधेश्याम पांचाल, रूप ठाकुर, जगदीश श्रीवास्तव शामिल हुए।

### खेल व आयोजनों में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**उज्जैन.** शासकीय धन्वंतरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हुआ। प्रधानाचार्य डॉ. जेपी चौरसिया ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से महाविद्यालय में खेल, बौद्धिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन मुख्य अतिथि उत्तर विधायक की उपस्थिति में विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किए गए।प्रोफेसर इंचार्ज डॉ. नृपेंद्र मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि क्रीड़ा समिति अध्यक्ष डॉ. मुकेश गुप्ता एवं सचिव डॉ. रामतीर्थ शर्मा के नेतृत्व में रणभूमि के अंतर्गत शतरंज, कैरम, टेबल टेनिस, क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, रस्साकशी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें इंटर प्रोफेशनल एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसी क्रम में बौद्धिक एवं साहित्यिक समिति अध्यक्ष डॉ. अजय कीर्ति जैन एवं सचिव डॉ. आशीष शर्मा के मार्गदर्शन में साहित्य संगम कार्यक्रम के अंतर्गत मेहंदी, फेस पेंटिंग, कैम्पस ड्राइंग, तात्कालिक भाषण, स्वरचित काव्य पाठ, प्रश्नमंच, अंताक्षरी एवं लकी ड्रॉ जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। वहीं सांस्कृतिक समिति अध्यक्ष डॉ. योगेश बाणे एवं सचिव डॉ. शिरोमणि मिश्रा के मार्गदर्शन में एकल एवं समूह गायन की प्रस्तुतियां दी गईं।

# 'आई लव भारत' कार्यक्रम- इस्कॉन में 3000 युवाओं का ऐतिहासिक संकल्प : नशे के खिलाफ ली शपथ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

गणतंत्र दिवस की संध्या पर इस्कॉन मंदिर उज्जैन में 'आई लव भारत' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें करीब 3000 युवाओं ने भारतीय संस्कृति से जुड़ते हुए नशे के खिलाफ शपथ ली।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को तनाव, नशा, अवसाद और भटकाव से दूर रखकर सकारात्मक जीवन जीने के लिए प्रेरित करना था। इसकी थीम 'नशा-मुक्त भारत और युवा सशक्तिकरण' रखी गई थी। इस दौरान युवाओं को श्रीमद्भगवद्गीता के उपदेशों के माध्यम से जीवन में स्थिरता, अनुशासन और सफलता का मार्ग बताया गया। कार्यक्रम में बताया गया कि कैसे श्रील प्रभुपाद ने अमेरिका की युवा पीढ़ी को 'दम मारो दम' जैसी नशे की संस्कृति से मुक्त कर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति से जोड़ा था। उन्होंने युवाओं को 'हिप्पी से हैप्पी' बनाया।

इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, पूर्व में पुलिस के तत्कालीन आईजी के अनुरोध पर परम पूज्य भक्ति चारु स्वामी जी ने नशा मुक्ति अभियान में सहयोग किया था। उन्होंने तीन युवाओं को नशे से बाहर निकालकर मंदिर सेवा से जोड़ा था।

कार्यक्रम में युवाओं के लिए नाटक, नृत्य, कीर्तन, प्रेरणादायक भाषण और वीडियो शो जैसी



प्रस्तुतियां दी गईं। इन माध्यमों से युवाओं को आत्मचिंतन और जीवन के सही लक्ष्य की ओर प्रेरित किया गया। इस्कॉन उज्जैन के बोर्ड मेंबर राघव पंडित दास ने इस अवसर पर कहा, 'यह कार्यक्रम युवाओं को सिर्फ नशे से दूर रखने का नहीं, बल्कि उन्हें आत्मिक रूप से सशक्त बनाकर एक मूल्यपरक और संतुलित जीवन की दिशा में ले जाने का प्रयास है। भगवान श्रीकृष्ण की सेवा के माध्यम से युवा अपने जीवन को सार्थक बना सकते हैं।'इस कार्यक्रम में उज्जैन के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और कोचिंग संस्थानों से आए युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में, सभी ने नशे के खिलाफ सामूहिक शपथ लेकर नशा-मुक्त भारत के संकल्प को दोहराया।

## विद्यार्थियों ने संस्कृत में किया राष्ट्रगान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बंकिमचंद्र चटर्जी की रचना वंदे मातरम को 24 जनवरी 1950 को संविधान सभा द्वारा राष्ट्रीय गीत के रूप में अपनाया गया। वंदे मातरम को राष्ट्रगान के समान ही सम्मान व दर्जा प्राप्त है। वर्तमान में देश में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है इसी क्रम में शासकीय माधव महाविद्यालय में राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न कलाओं में अपनी प्रस्तुतियों ने विद्यार्थियों ने मंत्रमुग्ध किया। कथक नृत्यांगना हिना वासेन ने भावुक कर देने वाली नृत्य प्रस्तुति दी। छात्र विमल उपाध्याय और अक्षय अवस्थी ने संस्कृत में वंदे मातरम का गायन किया। बांसुरी वादक विपिन मरमट ने मधुर धुनें बजाई। गायक रईस चमन ने गीत गाया। डॉ. शोभा मिश्रा और प्रो. मोहित पांचाल ने कविता पाठ किया। नंदकिशोर पांचाल ने किसानों को समर्पित कविता सुनाई। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कल्पना सिंह ने की। संचालन डॉ. जफर महमूद ने किया। आभार डॉ. शुभम कुंभारे ने माना।सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय एकता को समर्पित भारत भारती संस्था द्वारा एक विचार कार्यक्रम का आयोजन 27 जनवरी को दोपहर तीन बजे विवि के सभागृह में आयोजित किया जाएगा।

# विधायक तेजबहादुर सिंह ने उल्टा तिरंगा पकड़ा

### गणतंत्र दिवस कार्यक्रम की तस्वीर खुद के फेसबुक अकाउंट पर अपलोड की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

नागदा-खाचरोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान गणतंत्र दिवस पर तिरंगे के अपमान को लेकर विवादों में घिर गए हैं। एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने उल्टा तिरंगा पकड़ा, जिसकी तस्वीर अब सोशल मीडिया पर पोस्ट हो रही है।




यह मामला नागदा में कायाकल्प तैराकी संघ के आयोजित ध्वजारोहण कार्यक्रम का है। विधायक डॉ. चौहान यहां मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। कार्यक्रम की तस्वीरों में देखा जा सकता है कि जहां बाकी लोग तिरंगा सही तरीके से पकड़े हुए थे, वहीं विधायक ने हरे रंग की पट्टी को ऊपर रखते हुए उल्टा तिरंगा थाम रखा था।

हैरानी की बात यह है कि विधायक ने इसी स्थिति में फोटो खिंचवाई और उसे अपने आधिकारिक फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट भी कर दिया। दरअसल, 'राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971' के तहत तिरंगे का अपमान करना दंडनीय अपराध है, जिसमें जेल और जुर्माने का प्रावधान है।

### पहले भी रह चुके हैं विवादों में

यह पहला मौका नहीं है जब विधायक डॉ. चौहान राष्ट्र सम्मान से जुड़ी चूक को लेकर चर्चा में आए हों। पिछले साल गणतंत्र दिवस पर राष्ट्रगान के दौरान उन्होंने 'सावधान' की मुद्रा छोड़कर माइक छीन लिया था, जिसे राष्ट्रगान का अपमान माना गया था।

### जिम्मेदारी पर उठे सवाल

डॉ. तेजबहादुर सिंह चौहान वर्तमान में विधायक होने के साथ-साथ भोपाल संभाग के प्रभारी जैसे महत्वपूर्ण पद पर भी हैं। ऐसे जिम्मेदार पदों पर रहते हुए राष्ट्रध्वज जैसे राष्ट्रीय प्रतीकों को लेकर बार-बार इस तरह की लापरवाही पर अब सवाल उठने लगे हैं।

## खबर एक नजर...

### लायंस क्लब शिवाय में हुई रीजन चेयरपर्सन की यात्रा

**उज्जैन.** लायंस क्लब शिवाय ने रीजन चेयरपर्सन की आधिकारिक यात्रा और चार्टर्ड नाइट का आयोजन किया। कार्यक्रम नानाखेड़ा स्थित होटल में हुआ। क्लब सचिव अंबरीश जवेरी ने बताया बाबा महाकाल और चार्टर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। मुख्य अतिथि रीजन चेयरपर्सन सत्येंद्र श्रीवास्तव और विशेष अतिथि जोन चेयरपर्सन व चार्टर्ड अध्यक्ष शैलेंद्र रावल थे। क्लब अध्यक्ष विशाल नीमा और सदस्यों ने अतिथियों का सम्मान किया। इस मौके पर क्लब के पूर्व अध्यक्षों और चार्टर सदस्यों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों ने पारिवारिक खेलकूद में भाग लिया।

### बैडमिंटन टूनार्मेंट : उज्जैन ओवर ऑल चैंपियन,अद्विका सिंह को तिहरी सफलता



**उज्जैन.** खेलो एमपी बैडमिंटन टूनार्मेंट में उज्जैन ने ओवर ऑल चैंपियनशिप अपने नाम की। शहर की अद्विका सिंह ने तीनों प्रारूप में शानदार प्रदर्शन कर तिहरी सफलता हासिल की। उन्होंने गर्ल्स सिंगल, गर्ल्स डबल्स और मिक्स्ड डबल्स में राज्य स्तर के लिए क्वालीफाई किया। प्रतियोगिता में गर्ल्स सिंगल, बॉयज सिंगल, गर्ल्स डबल्स, बॉयज डबल्स और मिक्स्ड डबल्स सभी वर्गों में उज्जैन के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। कोच योगेश बंदेवार ने बताया टीम को विजेता बनाने में आरव श्रीवास्तव, अद्विका, शिवांश पाल, एकांश गुप्ता, अर्पण काव्या, आदर्श मेवारा, धैर्या शर्मा, रुतवी पांचाल और आशी यादव की अहम भूमिका रही। इनमें से 6 खिलाड़ी कोच बंदेवार से प्रशिक्षण ले रहे हैं।

# पंवासा मल्टी में 9 साल से अधूरे 3 ब्लॉक 8.75 करोड़ में होंगे पूरे

### 2016 में ठेकेदार ने अधूरा छोड़ दिया था काम

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



पंवासा मल्टी प्रोजेक्ट में वर्षों से अवैध कब्जे और अधूरे निर्माण की वजह से काम रुका हुआ था। नगर निगम ने हाल ही में कार्रवाई कर करीब 40 फ्लैट्स को कब्जे से मुक्त कर स्वामित्व में ले लिया। मल्टी में कुल 8 ब्लॉक हैं, जिनमें से 3 ब्लॉक पिछले 9 सालों से अधूरे हैं और खंडहर होते जा रहे थे। इन ब्लॉकों में बुनियादी सुविधाएं जैसे दरवाजे-खिड़की और बिजली कनेक्शन भी नहीं बने थे।

नगर निगम ने अब इन अधूरे ब्लॉकों की मरम्मत और अन्य व्यवस्थाओं के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है। कुल 8.75 करोड़ रुपए के विकास कार्य के प्रस्ताव के तहत टेंडर खोले हैं। अधिकारियों के अनुसार टेंडर के बाद छह माह में तीनों ब्लॉक के अधूरे काम पूरे कर लिए जाएंगे। इसके बाद लगभग 25 हितग्राहियों को यहां आवास मिल सकेगा।

बाकी 5 ब्लॉकों में भी लंबे समय से अवैध कब्जा था, जिसे हटाने का काम जारी है। इन ब्लॉकों में काम पूरा होने के बाद करीब 100 लोगों को नए आवास मिलने की संभावना है। जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी नवीकरण योजना के तहत 2008 में 17.56 करोड़ रुपए से यह मल्टी बनाना शुरू हुआ था।

2016 तक प्रोजेक्ट चलता रहा, लेकिन बाद में ठेकेदार ने अधिक राशि की मांग कर काम छोड़ दिया। कुछ मकानों का वितरण कर दिया, जबकि बाकी खाली रहने पर लोग कब्जा कर बैठे, जिस पर शिकायतों के बाद आखिरकार कार्रवाई जारी है। महापौर मुकेश टटवाल ने बताया कि कार्य जल्द पूर कर, पात्र हितग्राहियों को यहां आवास दिया जाएगा।

## सप्त सागर से अवैध कब्जे हटाए और गंदा पानी रोके

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) भोपाल ने उज्जैन के सप्त सागर जलाशयों को बचाने के लिए कड़े निर्देश जारी किए हैं। एनजीटी ने देखा कि गोवर्धन सागर और अन्य जलाशयों में अवैध कब्जा हो गया है और बिना साफ किए पानी का प्रवाह हो रहा है।

पीठ में न्यायमूर्ति एसके सिंह और विशेषज्ञ सदस्य सुधीरकुमार चतुर्वेदी शामिल थे। एनजीटी ने बताया 36 बीघा क्षेत्र में से 18.5 बीघा जमीन पर अवैध कब्जा हो चुका है। नगर निगम और जिला प्रशासन ने पहले दिए निर्देशों का पालन नहीं किया, जिस पर एनजीटी ने सख्त टिप्पणी की। अधिकरण ने मुख्य सचिव मध्यप्रदेश को आदेश दिया कि सभी जलाशयों से अवैध कब्जा हटाया जाए और गंदा पानी सीधे जलाशयों में जाने से रोका जाए। साथ ही पर्यावरण विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को मासिक निगरानी और जल की गुणवत्ता की रिपोर्ट देने का निर्देश भी दिया गया। एनजीटी ने कहा सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए जलाशयों की पवित्रता और पानी की शुद्धता बनाए रखना बहुत जरूरी है। अगली सुनवाई 20 फरवरी 2026 को होगी।

## भगवती माता मंदिर में मां सरस्वती दर्शन के साथ धूमधाम से मना बसंत पंचमी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर**

प्रभात फेरी भक्त मंडल ने बसंत पंचमी पर्व को श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया। इस पावन अवसर पर मंडल के सभी सदस्यों ने केसरिया वस्त्र धारण कर प्रातः 6 बजे नगर के प्रमुख मार्गों से भव्य प्रभात फेरी निकाली। भजनझकीर्तन और जयघोष के साथ निकली यह प्रभात फेरी नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई प्राचीन भगवती माता मंदिर पहुँची। मंदिर परिसर में वर्ष में एक बार बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर होने वाले मां सरस्वती के दर्शन का सौभाग्य सभी श्रद्धालुओं को प्राप्त हुआ। मान्यता है कि भगवती माता स्वयं ह्यबड़ह्ल से प्रगट हुई थीं तथा उनके समीप मां सरस्वती एवं मां



लक्ष्मी विराजित हैं। जिनके दर्शन वर्ष में एक बार बसंत पंचमी पर मां सरस्वती और दीपावली पर्व पर मां लक्ष्मी के दर्शन का विशेष महत्व माना जाता है। इस अलौकिक व दुर्लभ अवसर के साक्षी बने प्रभात फेरी भक्त मंडल के सभी सदस्य। श्रद्धालुओं ने भजनझकीर्तन कर मां सरस्वती के दर्शन लाभ लिए, माता को केसरिया भोग अर्पित किया तथा गगनभेदी जयकारों के साथ बसंत पंचमी महोत्सव को उत्साह, भक्ति और आनंदमय वातावरण में मनाया।

## तहसील व निर्वाचन कार्यालय का घेराव, कांग्रेस कार्यकर्ताओं का जोरदार प्रदर्शन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़नगर**

ब्लॉक कांग्रेस बड़नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस खरसोदकला के संयुक्त तत्वाधान में आज तहसील कार्यालय तथा निर्वाचन कार्यालय का घेराव किया गया। प्रदर्शनकारियों ने मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर प्रदेश निर्वाचन आयोग के साथ मिलकर बड़े षड्यंत्र का आरोप लगाया। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि दलित बस्तियों और अल्पसंख्यक वर्ग के मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के उद्देश्य से भाजपा कार्यकताओं द्वारा बड़ी संख्या में फॉर्म जमा कराए जा रहे हैं।

घेराव के दौरान निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से निष्पक्ष, पारदर्शी और ईमानदारी से कार्य करने की मांग की गई। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि किसी भी पात्र मतदाता का नाम गलत तरीके से हटाया गया तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। इसी मांग को लेकर तहसील कार्यालय का घेराव किया गया तथा तहसीलदार जैन मैडम को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर कई मतदाता अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे और पूरी प्रक्रिया पर भारी आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शन का नेतृत्व बड़नगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मधुसूदन भारद्वाज एवं खरसोदकला ब्लॉक अध्यक्ष अनोखीलाल राठौड़ ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जगदीश धाकड़, राजेंद्र सिंह सोलंकी, नारायण सिंह राठौर, पंकज जोशी, शैलेंद्र सिंह सिसोदिया, गुलरेज मंसूरी, अली मोहम्मद सेमलिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पीड़ित मतदाता उपस्थित रहे।

### सदावल में जून तक तैयार होंगे 4 नए हेलीपैड, मेला क्षेत्र में शिप्रा के नजदीक व श्री महाकालेश्वर मंदिर के आसपास हेलीपैड की जरूरत महसूस की जा रही थी

# सिंहस्थ 2028 - तैयारियों के सिलसिले में आने वाले हेलीकॉप्टर भी यहां उतर सकेंगे

### शिप्रा के पास हेलीपैड की जरूरत पड़ रही थी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

बड़नगर रोड पर सिंहस्थ क्षेत्र के सदावल में हेलीपैड का निर्माण अंतिम चरणों में हैं। दावा यह कि जून तक प्रोजेक्ट कंप्लीट कर हैंडओवर कर दिया जाएगा। यानी सिंहस्थ की तैयारियों के सिलसिले में आने वाले वीआईपी व अन्यों के हेलीकाप्टर भी यहां उतर सकेंगे।

सिंहस्थ को दृष्टिगत रखते हुए हवाई सेवा की सुविधाओं में विस्तार के क्रम में सदावल में करीब 13 करोड़ की लागत से लोनिवि चार हेलीपैड का निर्माण कर रहा है। इनमें से तीन का निर्माण पूरा हो गया है। चौथे का थोड़ा बहुत काम बचा है। करीब 1600 मीटर की बाउंड्री वाल पूर्व में ही यहां बना दी गई। लाउंज की व्यवस्था भी यहां रहने वाली है। माना जा रहा है कि इन हेलीपैड के यहां बनने से सिंहस्थ



में वीआईपी मूवमेंट आसानी से हो सकेगा। वर्तमान में शहर में पुलिस लाइन में एक हेलीपैड हैं, जो कि सिंहस्थ क्षेत्र व महाकालेश्वर मंदिर से दूर हैं। ऐसे में पुराने शहर में खासकर मेला क्षेत्र में शिप्रा के नजदीक व श्री महाकालेश्वर मंदिर के आसपास हेलीपैड की जरूरत महसूस की जा रही थी। क्योंकि सिंहस्थ 2028 में बड़ी संख्या में कई वीआईपी का आना जाना हवाई मार्ग से भी होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए बड़नगर मार्ग के सदावल में हेलीपैड निर्माण के प्रोजेक?ट की रूपरेखा बनी थी जो अब अंतिम चरणों में हैं। हवाई मार्ग से वीआईपी के पुलिस लाइन पर आने के बाद उनके गंतव्य तक पहुंचने के दौरान शहर के कई मार्ग आम लोगों के लिए प्रतिबंधित करना पड़ते थे। अब इस समस्या से निजात मिलेगी। ना ही रास्ते बंद होंगे, ना ही चक्काजाम होगा और ना ही अमले को चौराहों पर तैनात होना पड़ेगा। खासकर श्री महाकालेश्वर मंदिर व कालभैरव दर्शन के लिए आने वाले वीआईपी अब सदावल के नए हेलीपैड पर उतर सकेंगे और यहां से कम समय में मंदिर पहुंच सकेंगे। यातायात प्रबंधन के लिए मशक्कत नहीं करना पड़ेगी। सिंहस्थ में वीआईपी का लगातार आना-जाना लगा रहेगा। ऐसे में इन हेलीपैड से बहुत फायदा होगा। सिंहस्थ के बाद अन्य पर्व व विशेष अवसरों पर भी फायदा मिलेगा। सरकार ने हाल ही महाकाल से ओंकारेश्वर और ओंकारेश्वर से महाकाल के लिए हवाई सेवा शुरू की है। सदावल में हेलीपैड बनने से बुकिंग के बाद हवाई सेवा का लाभ यहीं से लिया जा सकेगा।

### जून में प्रोजेक्ट पूरा होगा

तीन हेलीपैड बन गए हैं, चौथे का काम थोड़ा बहुत बचा है। जून के पहले प्रोजेक्ट पूरा कर दिया जाएगा। - गौत्तम अहिरवार, कार्यपालन यंत्री लोनिवि

## खबर एक नजर...

### बादल छाए, दिनभर चली ठंडी हवा

**उज्जैन.** जनवरी के आखिरी दिनों में सर्दी बढ़ गई है। शनिवार की शुरूआत बादलों और सर्द हवा के बीच हुई। हालांकि मध्यम कोहरा भी छाया रहा। दिन में धूप निकली, लेकिन उसके तेवर तीखे नहीं रहे। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में मावठे का अनुमान लगाया है। रात के साथ दिन के तापमान में गिरावट का दौर जारी है। अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री रहा, जो शुक्रवार के अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री से 4 डिग्री कम रहा। इसी तरह न्यूनतम तापमान को देखें तो शनिवार को 12.8 डिग्री रहा, जो शुक्रवार को 15 डिग्री से 2.2 डिग्री कम है।

### पिता की डांट से नाराज होकर 15 वर्षीय नाबालिग लड़के ने की आत्महत्या

रतलाम। नूरी नगर इलाके में पिता की डांट से नाराज होकर 15 वर्षीय नाबालिग लड़के ने आत्महत्या कर ली। घटना शनिवार रात सालाखेड़ी चौकी क्षेत्र की है। नाबालिग ने घर के सामने खड़े पिता के ऑटो रिक्शा में ही रस्सी से फांसी लगा ली। मृतक की पहचान मेहमूद (15) पिता अहमद शाह के रूप में हुई है। शनिवार रात करीब 7.30 बजे उसका शव घर के बाहर खाली प्लॉट में खड़े ऑटो रिक्शा के पास संदिग्ध हालात में मिला।

### नपा उपाध्यक्ष ने दी गणतंत्र दिवस की बधाई

नीमच। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस के अवसर पर नगरपालिका परिषद्, नीमच की उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना करणसिंह परमाल ने शहरवासियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए सभी से देश की एकता व अखंडता बनाए रखने का आह्वान करते हुए सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### देवनारायणजी के जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा

रतलाम। भगवान देवनारायणजी के जन्मोत्सव के अवसर पर रविवार को नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा प्रातः 10 बजे त्रिपोलिया गेट से प्रारंभ हुइ।

# एनसीसी कैडेट्स ने दी सलामी, तिरंगा यात्राएं निकली; मोदी खेल मैदान पर हुआ मुख्य आयोजन

### मैदान में दिखा परेड और सलामी का उत्साह



### तिरंगा यात्राओं ने बढ़ाया शहर का गौरव

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

नागदा शहर में गणतंत्र दिवस पूरे उत्साह और देशभक्ति के साथ मनाया गया। सरकारी दफ्तरों से लेकर स्कूलों और सामाजिक संस्थाओं तक, हर जगह तिरंगा फहराया गया। इस मौके पर शहर में भव्य तिरंगा यात्राएं निकाली गईं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए देश की एकता का संदेश दिया गया।

गणतंत्र दिवस पर नागदा की सड़कों पर देशभक्ति का अनूठा नजारा दिखा। मदरसे के बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर एकता का संदेश दिया, वहीं भवानी सिंह देवड़ा के नेतृत्व में एक विशाल वाहन रैली निकाली गई। शहर के अलग-अलग इलाकों में भी कई संगठनों ने तिरंगा यात्राएं निकालकर भारत माता के जयकारे लगाए। मोदी खेल मैदान में मुख्य आयोजन हुआ, जहां एनसीसी के छात्र-छात्राओं ने शानदार परेड की। इस दौरान विधायक तेज बहादुर सिंह चौहान ने परेड की सलामी ली और बच्चों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन के साथ देश की सेवा करने की प्रेरणा दी। उधर, नगर पालिका कार्यालय में हुए कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश धाकड़ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस खास मौके पर कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक दिलीप गुर्जर ने भी ध्वजारोहण किया। उन्होंने अपने संबोधन में संविधान और लोकतंत्र की रक्षा करने की बात कही। शहर के अन्य राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने भी तिरंगा फहराकर एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। पूरे दिन शहर में देशभक्ति के गीतों की गूंज सुनाई देती रही।

# कार डिवाइडर से टकराकर पलटी खाई, ड्राइवर के शव को कांच फोड़कर बाहर निकाला



ब्रह्मास्त्र ›› बड़नगर

तहसील के ग्राम लोहाना कुटी स्थित पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार रात करीब 11 बजे एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। जिसमें ड्राइवर की मौके पर ही ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन में फंसे शव को बाहर निकाल सिविल अस्पताल भेजा गया। जहां शनिवार को शव का पीएम हुआ। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार रात्रि 11 बजे मुताबिक कर्मचारियों को छोड़ने के बाद ग्राम लोहाना कुटी स्थित पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार कार क्रमांक टढ43-ळ1306 पलटने की जानकारी मिली। इस हादसे में जलोदिया निवासी गोवर्धनदास बैरागी की मौके पर ही मौत हो गई। उसे गाड़ी के कांच फोड़कर बाहर निकाला। पूरा हादसा सीसीटीवी में कैद हुई है। पुलिस मर्ग कायम कर कर रही है।

# संत रविदास जयंती के आयोजन को लेकर बैठक

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम

जिला स्तरीय संत शिरोमणि रविदास जी महाराज जन्मोत्सव के आयोजन को लेकर आज कलेक्ट्रेट स्थित गुलाब चक्कर पर समाज के पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से जन्मोत्सव कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई।

निर्णय अनुसार कार्यक्रम की शुरूआत रविदास चौक, रतलाम में संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की महाआरती से होगी, जो समाज प्रमुखों द्वारा की जाएगी। इसके पश्चात नगर में भव्य शोभायात्रा अंबेडकर सर्किल से प्रारंभ होकर कालिका माता प्रांगण में समापन होगी।

कालिका माता प्रांगण में संत रविदास जी महाराज के जीवन, कृतित्व एवं विचारों पर आधारित चिंतन सभा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर समाज के प्रतिभावान बच्चों का सम्मान भी किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में पुनः महाआरती के पश्चात भोजन प्रसादी का वितरण किया जाएगा।

बैठक में समाज के अनेक गणमान्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता लक्ष्मी नारायण चौहान ने की। प्रमुख रूप से उद्योगपति लक्ष्मी नारायण सोलंकी, अमृत बन्नी, रविदास समाज जिला अध्यक्ष प्रभु सोलंकी, जन्मोत्सव समिति अध्यक्ष शंकरलाल कटारिया, अजाक्स के कार्यकारी अध्यक्ष अंबाराम बोस, महासचिव हरिराम जाटव, जगदीश चंद्र सूर्यवंशी, राधेश्याम सोलंकी, मांगीलाल चौहान, पंकज चौहान, चंपालाल सोलंकी, शैलेंद्र परमार, भरत लिंबोदिया, राकेश जडगामा, हरिओम सोलंकी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी समाजजनों ने संत रविदास जी महाराज के जन्मोत्सव को भव्य एवं सफल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

### बाल विवाह की सूचना पर त्वरित कार्रवाई कर, विवाह रुकवाया

रतलाम। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग रामनिवास बुधोलिया ने बताया कि विगत २४ जनवरी को दूरभाष के माध्यम से दीनदयाल नगर क्षेत्र में बाल विवाह होने की सूचना प्राप्त हुई। शिकायत की जांच हेतु महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी श्रीमती अर्चना माहौर अपनी टीम एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। जांच के दौरान बालिका के जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर उसकी आयु 16 वर्ष 11 माह पाई गई। मौके पर बालिका के माता-पिता को समझाइश दी गई कि बालिका का विवाह 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ही किया जाए। समझाइश के उपरांत माता-पिता द्वारा सहमति व्यक्त की गई तथा उनके लिखित कथन भी लिए गए। माता-पिता को पुनः निर्देशित किया गया कि वे कानून का पालन करते हुए बालिका का विवाह निर्धारित आयु पूर्ण होने के पश्चात ही करें।

### महाशिवरात्रि पर भोलेनाथ की बारात को लेकर बैठक आयोजित

**बुरहानपुर।** ब्रह्मपुर नगर की हिंदू युवा टोली ने गणपति महाराज की आराधना कर भोलेनाथ की बारात का आरंभ किया। 15 फरवरी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर ब्रह्मपुर में निकलने वाली भव्य भोले की बारात को लेकर आज प्रथम बैठक बड़ा गणपति मंदिर गणपति नाका पर हुई। 15 फरवरी रविवार महाशिवरात्रि पर परंपरा अनुसार भव्य भोले की बारात बड़ा गणपति मंदिर से नागेश्वर शिव मंदिर महाजनापेठ पर पहुंचकर शिव पार्वती विवाह संपन्न होगा। आप सभी ब्रह्मपुर जिले का शक्ल हिंदू समाज इस भव्य भोलेनाथ की बारात में सम्मिलित होकर धर्म कार्य में अपना योगदान दे बुरहानपुर को बनाएँगे ब्रह्मपुर। 2017 से परंपरा अनुसार यह भव्य बोल की बारात निकल रही है।

# विश्व कल्याण एवं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास की कामना से यज्ञ संपन्न हुआ

### बच्चों ने भविष्य की उज्जवल कामना के लिए स्वाहा के उच्चारण के साथ दी आहुतियां

ब्रह्मास्त्र ›› बड़नगर



स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर शिक्षक कॉलोनी परिसर में मां वाग देवी सरस्वती एवं नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। विश्व कल्याण विद्यार्थियों की व्यक्तित्व विकास की कामना से यज्ञाचार्य राहुल दीक्षित के आचार्यत्व में हवन किया गया इस यज्ञ में बच्चों की तीव्र बुद्धि हो इस कामना से उनके अभिभावकों ने मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ कुंड में आहुतियां अग्नि को समर्पित कीं बच्चों ने भी अपने भविष्य की उज्जवल कामना के लिए स्वाहा - स्वाहा के उच्चारण के साथ आहुतियां डालीं अभिभावकों ने यज्ञ समाप्ति पश्चात अरुणोदय कक्षा में पढ़ने वाले अपने बच्चों का ॐ अक्षर से अक्षर ज्ञान करवाया। भगवान स्वरूप चारो वेदों का पूजन अभिभावकों द्वारा किया गया। यज्ञ के मुख्य यजमान विद्यालय व्यवस्थापक आशीष शुक्ला एवं उनकी धर्मपत्नी नेहा शुक्ला तथा अभिभावकों के ४ जोड़े रहे।

# कायस्थ समाज नीमच ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

ब्रह्मास्त्र ›› नीमच

शहर के कायस्थ समाज ने विश्व विभूति नेताजी सुभाष चंद्र जी बोस की जयंती पर माल्यार्पण कर उनके जीवन वृत के साथ उनके विचारों और देश सेवा पथ के कार्यों को याद किया ।

कायस्थ समाज अध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार सक्सेना ने नेता जी के जन्मदिवस पर कहा कि देश के सच्चे देश भक्त के रूप में नेता जी ने आजाद हिंद फौज की स्थापना कर देश की स्वतन्त्रता में बड़ी आहुति दी । हमें गर्व है समाज के कई सारे महापुरुषों ने देश सेवा की मिसाल दी युवाओं को उनसे सीख लेना चाहिए । संरक्षक ब्रजेश सक्सेना ने कहा नेता जी ने नारा दिया तुम मुझे खून दो में तुम्हे आजादी दूंगा इससे देश में युवाओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ इससे हजारों लोग देश की स्वतन्त्रता के लिए सड़कों पर आगए उनका नारा जय हिंद देश में आज तक बोला जाता है । संरक्षक अजय भटनागर ने सुभाष चंद्र बोस को युवाओं द्वारा पढ़ा जाना चाहिए उनके जीवन और आत्मबल से किए कार्य विश्व पटल पर अंकित है। कायस्थ महिला मंडल श्रीमती कृष्णा निगम ने उनके देश के प्रति कार्य और हिंद की सेना पर अपनी बात कहीं । जगमोहन श्रीवास्तव ने कहा आज नेता जी जन्मोत्सव पूरे देश में मनाया जा रहा है उनकी देश भक्ति को नमन ।

सांस्कृतिक सचिव दीपक राय गौड़ ने हम गौरवान्वित है कि नेता जी ने माता और पिता दोनों की इच्छा का मान रखा उनके पिता जी चाहते थे वे सिविल सर्विसेज में सेवाएं दें और माता चाहती थी कि वे देश की स्वतंत्रता में हिस्सा लें । सलाहकार प्रकाश गौड़ ने कहा वे शेरों के शेर थे उनके कार्यों को हमेशा याद किया जाता रहेगा ।

सचिव नितिन सक्सेना ने कहा महात्मा गांधी जी ने सुभाष चंद्र जी बोस को नेताजी का संबोधन दिया और यह कम लोग जानते हैं नेता जी ने महात्मा गांधी जी को राष्ट्र पिता का नाम दिया ।

## खबर एक नजर...

### विद्यार्थियो के मनोबल मे वृद्धि हेतु समाज स्तरीय परीक्षा का आयोजन

मनावर। जिला धार।। अखिल भारतीय सिर्वी महासभा व युवा संगठन जिला धार निमाड (कुक्षी, मनावर व गंधवानी) द्वारा विद्यार्थियो के मनोबल मे वृद्धि हेतु हाई स्कुल (कक्षा 10 वी) के स्वजातिय विद्यार्थियो को वार्षिक परीक्षा पूर्व समाज स्तरीय परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमे युवाओ और संगठन पदाधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। तहसील मनावर क्षेत्रवार (सेक्टर वाईस) सेक्टर पर 100 प्रतिशत छात्र छात्राओं की उपस्थिति सुनिश्चित कर परीक्षा 25 जनवरी रविवार दोपहर 11.20 बजे से सेक्टर स्थान कुक्षी, डेहरी, कोणदा, सिंघाना, टोकी, बालीपुर, अजंदा और गंधवानी में आयोजित की गई। भारी संख्या में छात्र छात्राओं ने समिल्लित होकर पर्चा हल किया।

### प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार 27 जनवरी को खंडवा आएंगे

खंडवा ।प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग के मंत्री श्री इंदर सिंह परमार आगामी 27 जनवरी को खंडवा आएंगे तथा जिले के ओंकारेश्वर का दौरा कर नर्मदा यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री परमार 26 जनवरी को रात्रि 11 बजे कटनी से रेल मार्ग द्वारा रीवा राजकोट एक्सप्रेस से प्रस्थान कर 27 जनवरी को सुबह 6.20 बजे खंडवा आएंगे। मंत्री श्री परमार प्रातः 9 बजे खंडवा के सर्किट हाउस से ओंकारेश्वर के लिए रवाना होंगे और प्रातः 11 बजे से ओंकारेश्वर के नजर निहाल आश्रम में आयोजित नर्मदा यात्रा के समापन कार्यक्रम में शामिल होकर, दोपहर 2 बजे ओंकारेश्वर से कार द्वारा भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे ।

### वैष्णवी चौहान की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाया

बुरहानपुर।बुरहानपुर के हकीमी अस्पताल में वैष्णवी चौहान की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि वैष्णवी को सुबह 9 बजे अस्पताल बुलाया गया था, लेकिन ऑपरेशन का समय 11 बजे से ढाई बजे के बीच बताया गया। इस दौरान डॉ. रेहाना बोहरा जिला अस्पताल में थीं, तो फिर ओटी में ऑपरेशन किसने किया? क्या ऑपरेशन करने वाला डॉक्टर पात्र था। परिजनों ने प्रशासन पर कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि अगर एफआईआर हो जाती, तो नागेश की मौत न होती। वैष्णवी के पति नागेश चौहान की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई, और अब 25 दिन हो चुके हैं, लेकिन सच सामने नहीं आया है। परिजनों ने मांग की है कि ओटी में कौन डॉक्टर था, उसकी पात्रता क्या थी, इसकी जांच हो और एफआईआर दर्ज की जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो प्रदेश स्तरीय आंदोलन छेड़ा जाएगा।

### सदभावना मंच ने बसंत पंचमी पर किया आयोजन

**खंडवा।** बसंत पंचमी पर्व उत्साह और उमंग का पर्व है।यह पर्व खुशियां बिखेरता है और जीवन जीने की प्रेरणा देता है।बसंत पंचमी पर समस्त शहर वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं। यह बात सद्भावना मंच संस्थापक प्रमोद जैन ने कही।सद्भावना मंच के सदस्य कमल नागपाल ने बताया कि माली कुआं स्थित कार्यालय में हुए विशेष आयोजन में उन्होंने कहा कि ज्ञान, कला और संगीत की देवी माँ सरस्वती की विशिष्ट पूजा अर्चना का पावन पर्व बसंत पंचमी सभी के जीवन में नवचेतना, उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करे। सदस्यों ने परस्पर बसंत पंचमी की हार्दिक शुभकामनाएं विनिमय की।इस अवसर पर सद्भावना मंच के संस्थापक प्रमोद जैन,पूर्व डीएसपी आनंद तोमर, राधेश्याम शाक्य, त्रिलोक चौधरी,कमल नागपाल,मुरली कोडवानी,योगेश गुजराती, सुनील सोमानी, अर्जुन बुंदेला,ललित चौरे, अनूप शर्मा,सुरेन्द्र गीते,जी डी श्राफ, रामनाथ सराफ,राजेश खांडे,अजय मंडलोई आदि उपस्थित रहे।द्वितीय सत्र में संगीत का कार्यक्रम हुआ,जिसमें मंच सदस्यों ने कराओके पर गीत प्रस्तुत किए।

# मां नर्मदा जी के पावन तट पर श्रद्धा और आस्था के साथ प्राकट्यत्सव मनाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर



मां नर्मदा जी के पावन प्राकट्यत्सव के अवसर पर नर्मदा तट पूरी तरह श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के रंग में रंगा नजर आया। इस पावन पर्व पर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां नर्मदा जी में आस्था की डुबकी लगाई और मां को चुनरी अर्पित कर पूजा-अर्चना की। सुबह से ही नर्मदा तट के विभिन्न घाटों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। भक्तों ने स्नान कर पूजा-पाठ किया, दान-पुण्य किया और मां नर्मदा से सुख-समृद्धि की कामना की।

प्राकट्यत्सव के अवसर पर ढोल-ताशों की गूंज के साथ मां नर्मदा जी का भव्य पूजन किया गया। श्रद्धालुओं ने विधिवत आरती कर मां को चुनरी ओढ़ाई। लगभग 10 से 12 श्रद्धालु समूहों द्वारा मां नर्मदा जी को चुनरी अर्पित की गई। इस दौरान नर्मदाष्टक का पाठ किया गया और पूरे वातावरण में ‍‍च्जय मां नर्मदाञ्ज नर्मदे हर ‍‍र के जयघोष गूंजते रहे। दिनभर घाटों पर भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। रत्नेश्वर महादेव मंदिर के नीचे स्थित दक्षिणी घाट, ब्राह्मण घाट पर विगत 17 वर्षों से विशाल सार्वजनिक भंडारे का आयोजन किया जा रहा है इसके अलावा श्रीराम घाट पर अग्रवाल परिवार द्वारा विगत 45 वर्षों से भंडारा किया जा रहा है नए घाट पर ग्राम चोली वालों द्वारा यह 23 वा वर्ष भंडारे का है लगभग 50 हजार श्रद्धालुओं ने प्रसादी रूप में भोजन ग्रहण किया।

भंडारों में सेवा भाव के साथ श्रद्धालुओं को भोजन कराया गया। शाम 4 बजे मां नर्मदा ‍‍र्आप और हम‍‍र समिति द्वारा मां नर्मदा जी की मूर्ति पालकी में बैठाकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई शोभा यात्रा ढोल ताशे के साथ निकली गई शोभा यात्रा श्रीराम घाट से वाचनालय ,स्कूल ग्राउंड, बस स्टैंड से मुख्य बाजार से घंटाघर चौक होते हुए वापस श्रीराम घाट पर समापन किया गया। शाम 6 बजे से श्रीराम घाट पर भव्य निर्झरणी महोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में प्रसिद्ध लोक गायक प्रवीण चौबे (निमाड़ी लोक गायन) द्वारा मनमोहक प्रस्तुति दी गई। वहीं भोपाल से आई वाणी राव ने अपने सुमधुर भक्ति गायन से भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। इंदौर की दीपिका सिंह द्वारा प्रस्तुत मां नर्मदा केंद्रित नृत्य नाटिका ने श्रद्धालुओं को मां नर्मदा की महिमा से रूबरू कराया।मां नर्मदा प्राकट्यत्सव के इस पावन आयोजन ने श्रद्धालुओं के हृदय में भक्ति, सेवा और एकता का संदेश दिया।

## निमाड़ के दो परिवार 500 सालों से निभा रहे हैं माता के भ्रमण की यह परंपरा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

आमतौर पर भक्त मंदिर में जाकर देवी देवताओं के दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लेते हैं लेकिन निमाड़ की एक देवी अर्थात धज माता एक ऐसी लोक देवी है जो प्रतिवर्ष माघ माह में खड़कपुरा खंडवा स्थित अपनी ठान से निकलकर 365 गांवों में पहुंचती है।जहां ग्राम के मुखिया ,जमीदार एवं सभी समाज के परिवारों में देवी की पूजा की जाती है ।

इस दौरान ढाक एवं सिंगाड बजाकर भगत विशेष नृत्य और गायन के माध्यम से कथा सुनाते हैं जिसमें नैतिक शिक्षा का पाठ भी होता है। यह परंपरा पिछले पांच सौ सालों से निरंतर जारी है।आजादी के पहले बाकायदा राजाओं के संरक्षण में इस पूजा के बदले जमींदारों और माल गुजारो को लगान में छूट भी प्रदान की जाती थी। उक्त जानकारी धज माता के अनन्य उपासक और पीढ़ी दर पीढ़ी से निरंतर माता का श्रृंगार कर उन्हें अपने कंधों पर धारण कर भ्रमण कराने वाले ग्राम खेड़ीकित्ता के कमल कनाडे ने यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि माता की उत्पत्ति पहले पहल शहर के मंडलोई परिवार में हुई थी जहां वर्षों तक उनकी ठान रही। और तब से ही ग्राम नागचूंन और ग्राम पांझरिया के कनाडे जो माता के ठवड्या कहलाते हैं और नृतक भगत कहलाते हैं उनकी विशेष वेशभूषा होती हैं वहीं सिंगाड सिंगी बाजा बजाते हुए गांव में माता के आने की सूचना देते हैं। गंगा जल से स्नान और हल्दी का लेप कर कंकू चावल से माता की पूजा करते हैं।इस दिन से शिवरात्री तक माता का भ्रमण या 365 गांवों का फेरा आरंभ होता है और शिवरात्री पर बड़ा महादेव पचमढ़ी अथवा गुप्तेश्वर महादेव चारुआ पहुंचकर माता की यह यात्रा पूर्ण होती है।श्री कमल कनाडे ने बताया कि शुरूआत में माता की ठान मंडलोई परिवार में थी बाद में भारुड पटेल परिवार में ठान बनी और तब से यह परंपरा निरन्तर जारी है वर्ष मे लगभग एक माह की यात्रा होती है

# 250 विद्यार्थियों ने जानी वन संपदा व प्राणियों की दिनचर्या

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खण्डवा



वन परिक्षेत्र मूंदी द्वारा धारी कोटला बीट में अनुभूति शिविर का आयोजन किया गया। शुक्रवार एवं शनिवार के दो दिनी शिविर में बांगरदा एवं मूंदी हायर सेकंडरी स्कूलों के 250 विद्यार्थियों ने भाग लिया। उपवन मंडल अधिकारी मानसिंह खराड़ी की उपस्थिति में मास्टर ट्रेनर मुकेश कुमार राठौर ने विद्यार्थियों को वनों पाए जाने वाले पेड़-पौधों व वन्य प्राणियों की पहचान और उनकी दिनचर्या से अवगत कराया। रेंजर राजेंद्र नरगेश ने विद्यार्थियों को वन प्रमाण कराकर पर्यावरण का जीवन में महत्व और उनके संरक्षण पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने दिन भर की गतिविधियां जैसे किट बुक, पथ भ्रमण, पक्षी दर्शन और कपड़े से थैला बनाना, साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था आदि के बारे में छात्र-छात्राओं से फीडबैक फार्म भरवाए। इस दौरान हुई क्विज प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान कर उन्हें प्रमाण पत्र सौंपे गए। मिशन लाइफ के अंतर्गत प्रो-प्लेनेट पीपल, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की सलाह देने के साथ वनों एवं वन्य पक्षियों के संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

# सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना' की सफलता से अन्य राज्यों में भी क्रियान्वयन की संभावना



ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा संचालित 'महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना' की सराहना करते हुए इसे अन्य राज्यों में भी इसी तर्ज पर लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। दिल्ली और भोपाल से आए अधिकारियों ने बुरहानपुर में परियोजना का भौतिक सत्यापन किया और पर्यटन सखियों से मुलाकात की।

इस परियोजना का उद्देश्य पर्यटन स्थलों को महिलाओं के लिए सुरक्षित, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने का है, जिसमें स्थानीय महिलाओं को प्रशिक्षण देकर पर्यटन गाइड, इको फ्रेंडली उत्पाद निर्माण एवं अन्य संबंधित गतिविधियों में शामिल किया जा रहा है। अधिकारी श्री स्वर्णेंदु गांगुली ने कहा कि बुरहानपुर में इस परियोजना के तहत महिलाओं की भागीदारी एवं उनके द्वारा किए जा रहे नवाचारी कार्य प्रभावशाली हैं।

उन्होंने बताया कि दिल्ली से प्राप्त फीडबैक के आधार पर इस मॉडल को अन्य राज्यों में लागू करने की योजना बनाई जा रही है, ताकि महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा मिल सके। श्री अलोक चौबे ने भी परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि भोपाल से संचालित निगरानी में बुरहानपुर का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर सभी अधिकारी, कर्मचारियों को शपथ दिलाई



ब्रह्मास्त्र ▸▸ आलीराजपुर

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन स्वीप आईकॉन श्री सुधीर जैन (एडवोकेट एवं समाजसेवी) द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में भारत निर्वाचन आयोग के संदेश का वीडियो क्लिप सुना और देखा गया। इसके पश्चात सभाकक्ष में उपस्थित सभी अधिकारी,नवीन मतदाता, कर्मचारियों को राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई। साथ ही इस अवसर पर नवीन मतदाताओं को ईपिक कार्ड वितरित किए गए। साथ ही जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्रों के बी.एल.ओ./बी.एल.ओ. सुपरवाइजर एवं स्वीप गतिविधियों में सहभागी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री तपिश पाण्डे, निर्वाचन पर्यवेक्षक श्री सरदार सिंह चौहान,नायब तहसीलदार मामून खान, श्रीमती मंजु डावर, सुश्री सरिता बालेचा, लेखापाल श्री जुवानसिंह चौहान, बी.एल.ओ., सुपरवाइजर सहित निर्वाचन से संबंधित समस्त अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



## प्रीति जिंटा ने स्नो-गर्ल बनाकर ताजा की शिमला की याद

बॉलीवुड अभिनेत्री और हिमाचल की बेटी प्रीति जिंटा ने अपनी पुरानी यादों को ताजा किया। सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट में प्रीति जिंटा ने बर्फ के बीच बिताए अपने खास पलों को याद किया, उनका यह पोस्ट खूब वायरल हो रहा है।

पंजाब किंग्स टीम की सह -मालकिन प्रीति जिंटा ने लिखा- उन्होंने अपने जीवन में कई बार 'स्नो मैन' बनाया है, लेकिन अबकी बार बच्चों के साथ मिलकर उन्होंने कुछ अलग किया। इस बार उन्होंने बर्फ से एक स्नो गर्ल बनाई, वो भी सुंदर सी स्नो स्कर्ट के साथ। यह छोटा-सा पल उनके लिए बेहद खास बन गया और उन्हें अपने बचपन के दिनों में वापस ले गया। प्रीति ने लिखा कि यह दृश्य उन्हें उस समय की याद दिलाता है, जब वे शिमला में एक छोटी बच्ची हुआ करती थीं और चारों ओर बर्फ ही बर्फ नजर आती थी। उन्होंने महसूस किया कि समय कितनी तेजी से निकल जाता है और जिंदगी कैसे एक पूरा चक्र पूरा कर लेती है। बचपन में जिन खुशियों और एहसासों को उन्होंने जिया था, वही आज फिर लौट आए हैं, बस फर्क इतना है कि अब भूमिकाएं बदल चुकी हैं।

### विक्टोरिया बेकहम के सपोर्ट में उतरीं कंगना रनोट

# रियल क्वीन





हॉलीवुड सिंगर और फैशन डिजाइनर विक्टोरिया बेकहम का परिवार इस वक्त मुश्किल दौर से गुजर रहा है। इन दिनों विक्टोरिया बेकहम अपनी बहू से हुए झगड़े को लेकर चर्चा में हैं। उनके बेटे ब्रुकलिन ने फैमिली से सारे रिश्ते तोड़ दिए हैं। अब बॉलीवुड एक्ट्रेस पॉलिटिशियन कंगना रनोट, विक्टोरिया के सपोर्ट में उतरी हैं। कंगना रनोट ने विक्टोरिया बेकहम पर बेटे ब्रुकलिन और बहू निकोला के आरोपों के बाद इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर की। पोस्ट में 2007 के रियलिटी शो का वीडियो है। विक्टोरिया ड्राइविंग लाइसेंस की फोटो क्लिक करवाने गईं। उन्होंने इसे फोटोशूट बना दिया।

कंगना ने लिखा, कोई सास-बहू ड्रामा मुझे विक्टोरिया से नफरत नहीं दिला सकता। उन्होंने विक्टोरिया को 'रियल क्वीन' कहा।

**पोस्ट शेयर कर लिखा- कोई सास-बहू ड्रामा मुझे विक्टोरिया से नफरत नहीं दिला सकता**




### क्या है पूरा मामला?

हाल के दिनों में पूर्व फुटबॉल स्टार डेविड बेकहम और मशहूर सिंगर विक्टोरिया बेकहम को लेकर एक पारिवारिक विवाद सुर्खियों में है। उनके बेटे ब्रुकलिन बेकहम ने माता-पिता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ब्रुकलिन का कहना है कि डेविड और विक्टोरिया उनकी शादीशुदा जिंदगी में लगातार दखल दे रहे हैं, जिससे उनके और उनकी पत्नी के रिश्ते पर बुरा असर पड़ा है।

ब्रुकलिन के मुताबिक, शादी के शुरुआती दिनों से ही उनके माता-पिता उनके वैवाहिक जीवन में परेशानियां खड़ी कर रहे हैं। इतना ही नहीं, फैमिली फंक्शन्स में भी उन्हें और उनकी पत्नी को नजरअंदाज किया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि जब वह अपनी पत्नी निकोला के साथ डेविड बेकहम के 50वें जन्मदिन के मौके पर लंदन पहुंचे थे, तो वहां भी उन्हें अपेक्षित सम्मान नहीं मिला।

ब्रुकलिन का दावा है कि इस कार्यक्रम के दौरान उनकी पत्नी निकोला पर वापस लौटने का दबाव बनाया गया, जिससे वह काफी आहत हुए। फिलहाल यह पूरा मामला मीडिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि, अब तक विक्टोरिया बेकहम की ओर से इस विवाद पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।



## बॉर्डर-2 ने 250 करोड़ का आंकड़ा पार किया

**बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने चार दिनों में सिकंदर और रेड-2 के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ा**

सनी देओल और वरुण धवन स्टारर वॉर ड्रामा फिल्म बॉर्डर 2 बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। रिलीज के महज चार दिनों में ही फिल्म ने दुनिया भर में 250 करोड़ रुपए से ज्यादा की कमाई कर ली है। रिपब्लिक डे के मौके पर फिल्म को जबरदस्त फायदा मिला और कलेक्शन में बड़ा उछाल देखने को मिला। सैकनिल्क के मुताबिक, 26 जनवरी को यानी रिलीज के चौथे दिन बॉर्डर 2 ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर अकेले 59 करोड़ रुपए का बिजनेस किया। इस दिन हिंदी में फिल्म ऑक्यूपेंसी रेट 64.27% रही। इसके साथ ही फिल्म ने भारत में एक्सटेंडेड ओपनिंग वीकेंड के दौरान कुल 180 करोड़ रुपए नेट यानी 212.5 करोड़ रुपए ग्रॉस की कमाई कर ली है। वहीं इंटरनेशनल बॉक्स ऑफिस पर भी फिल्म का जलवा बरकरार है। विदेशी बाजारों में फिल्म ने अब तक करीब 4.3 मिलियन डॉलर का कारोबार कर लिया है। इसके साथ ही चार दिनों में फिल्म का वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 251 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। वहीं, फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श के मुताबिक फिल्म ने चौथे दिन घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 63.59 करोड़ रुपए का बिजनेस किया है, जिसके साथ ही ऑफिशियल नेट बॉक्स ऑफिस का आंकड़ा 193.48 करोड़ रुपए हो गया है।

# 'ओ रोमियो' का नया गाना 'आशिकों की कॉलोनी' आउट

**गाने में शाहिद कपूर-दिशा पाटनी की जबरदस्त केमिस्ट्री दिखी, 13 फरवरी को रिलीज होगी फिल्म**



विशाल भारद्वाज की मल्टी स्टारर अपकमिंग फिल्म ओ रोमियो का ट्रेलर पहले ही दर्शकों के बीच सुर्खियां बटोर रहा है। हाल ही में फिल्म का पहला गाना रिलीज किया गया था। अब फिल्म का दूसरा गाना आशिकों की कॉलोनी भी रिलीज हो गया है।

इस हाई-एनर्जी डांस नंबर में पहली बार शाहिद कपूर और दिशा पाटनी की फ्रेश जोड़ी साथ नजर आ रही है। जहां शाहिद काउ बॉय लुक में नजर आ रहे हैं, वहीं दिशा देसी अंदाज में दिख रही हैं। गाने में दोनों की केमिस्ट्री काफी एनर्जेटिक और शानदार लग रही है।



आशिकों की कॉलोनी 90 के दशक की झलक को मॉडर्न बीट्स के साथ शानदार तरीके से पेश करता है। गाने की सबसे खास बात इसका नॉस्टैल्जिक फील है, जो आज के म्यूजिक टेस्ट के साथ पूरी तरह मेल खाता है। दमदार हुक लाइन और जोशीला म्यूजिक इसे तुरंत कनेक्ट करने वाला ट्रैक बनाता है।

आशिकों की कॉलोनी का म्यूजिक विशाल भारद्वाज ने दिया है, इसे गुलजार ने लिखा है। गाने में दिशा और शाहिद के लिए मधुबंती बागची और जावेद अली ने आवाज दी है। यह आइकॉनिक क्रिएटिव तिकड़ी गाने में क्लासिक बॉलीवुड म्यूजिक के साथ फ्रेश और मॉडर्न अंदाज को पेश किया है। इस गाने को टी-सीरीज ने प्रेजेंट किया है। बता दें कि विशाल भारद्वाज की ओ रोमियो को साजिद नाडियाडवाला प्रेजेंट कर रहे हैं इसे नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में शाहिद कपूर, नाना पाटकेर, अविनाश तिवारी, विक्रांत मैसी, दिशा पाटनी, तृप्ति डिमरी समेत और भी कई चर्चित नाम हैं। यह फिल्म वैलेंटाइन वीक में 13 फरवरी 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**महिला कारीगर की आवश्यकता है**
हैंडमेड ज्वैलरी बनाने हेतु शीघ्र 4 महिला कारीगर की आवश्यकता है।
समय :- 2 से 7 बजे तक (3 से 4 घंटे रोज)
वेतनः- कार्य करने पर निर्भर (10 हजार+)
ऐसी महिला कारीगर की आवश्यकता है जो एंब्रॉयडरी, सिलाई, बुनाई जैसे काम में कार्यरत हो ।।
कॉल 7424877834
संपर्क सुबह 10 से शाम 6 तक केवल

**लोन... लोन... लोन...**
श्रीराम फाइनेंस कंपनी द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154

**आवश्यकता है**
कक्षा प्राइमरी व मिडिल (इंग्लिश मिडियम )के लिए। शिक्षक - शिक्षिकाओं की।
आवश्यकता
विशेष इंग्लिश स्पोकन एवं इंग्लिश मिडियम एवं काउंसलिंग वाले को प्राथमिकता। वेतन योग्यता अनुसार।
अल्मा इंटरनेशनल स्कूल तराना
मो:9893648687

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉन्वेंट मिडिल स्कूल भैरवगढ मे अंग्रेजी माध्यम में कक्षा नर्सरी से 8वी तक अध्यापन हेतु शिक्षक / शिक्षिकाओ की आवश्यकता है। B.ED / D.AD/DEID को प्राथमिकता ऑफिस कार्य हेतु बाई की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार
सम्पर्कः राजेश राव सर
Mo No. 9977588698

**फार्म हाउस**
मात्र 99 रुपये sqfit में फार्मलैंड
साईज 36x100 बकरी, खरगोश पालन, दूध डेरी, सब्जी की खेती, आश्रम के लिए अति उत्तम। इंदौर से मात्र 110km, उज्जैन-आगर रोड से 5 मिनट दूरी पर
9669777899

**आवश्यकता**
मे. प्रथम इन्टरप्राईजेस लुबरिकेन्ट ऑयल मार्केटिंग
सेल्समेन- पद 5
(सैलरी 5 अंकों में)
पता- चिमनगंज मण्डी, हीरो शोरुम, HDFC बैंक के सामने, आगर रोड, उज्जैन (म.प्र.)
CONTACT: 8225022548

**खरीदना है**
मकान या प्लांट पीपलीनाका, जयसिंहपुरा, गऊघाट में साइज 20 बाय 40 या 20 बाय 50 मकान प्लाट दक्षिण मुखी नहीं होना चाहिए मकान के आगे थोड़ा रोड फोर विलय गाड़ी पार्किंग हो सके मकान प्लाट की रजिस्ट्री होना प्लाट मालिक के नाम चाहिए
पंडित रामनारायण शर्मा: 999 3 154947
व्हाट्सएप नंबर: 8959513547

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**भूमि बेचना है**
ग्राम मेंढिया तक्षशीला स्कूल के पास इन्दौर रोड़ से अन्दर की ओर पौने चार बीघा भूमि का विक्रय करना है एवं ग्राम चन्दूखेड़ी में बड़नगर रोड़ सिक्स लैन पर साढ़े तीन बीघा भूमि का विक्रय करना है। भूमि क्रय करने के इच्छुक व्यक्ति ही सम्पर्क करें।
सम्पर्क सूत्र मो. नं- 7999080798, 7999512383, 7987874500

**बेचना है**
दो मंजिला स्वतंत्र बंगला कॉर्नर प्लाट
नवलखा चौराहे के पास, मंगलमूर्ति धाम में 911 स्के. फीट प्लाट पर 1650 स्क्वेयर फीट निर्माण
3BHK+2 कार पार्किंग, उत्तर-पूर्व मुखी
9893681399

**किराए से देना है**
1 BHK ke 2 फ्लैट
एक फ्लैट में 2 रुम, 2 लेटबाथ, 1 किचन, एक और फ्लैट में भी सेम यही।
पताः 40 घी मंडी सखीपुरा उज्जैन, (न्यू गीता रोडलाइंस के ऊपर)
मोबाइलः 9425056656 9111175000

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

# इंडिया और न्यूजीलैंड के बीच आज होगा चौथा टी-20 मैच

### भारत ने विशाखापट्टनम में 4 में से 3 मुकाबले जीते, बुमराह को आराम मिल सकता है

ब्रह्मास्त्र » विशाखापट्टनम

भारत और न्यूजीलैंड के बीच चौथा टी-20 मुकाबला आज विशाखापट्टनम के डॉ. वाई.एस. राजशेखर रेड्डी स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच की शुरुआत शाम 7 बजे से होगी, जबकि टॉस शाम 6:30 बजे किया जाएगा।

इससे पहले खेले गए तीसरे टी-20 में भारत ने न्यूजीलैंड को 8 विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज पहले ही अपने नाम कर ली है। न्यूजीलैंड की टीम फिलहाल 3-0 से पीछे चल रही है। वाइजैग में भारत का रिकॉर्ड भी मजबूत रहा है। यहां खेले गए चार टी-20 मुकाबलों में से टीम इंडिया ने तीन में जीत दर्ज की है, जबकि एकमात्र हार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आई थी।

अर्शदीप की वापसी हो सकती है जसप्रीत बुमराह को इस मैच में आराम दिया जा सकता है। उनके वर्कलोड और टी-20 वर्ल्ड कप 2026 को देखते हुए बुमराह की जगह अर्शदीप सिंह को




मौका मिलने की संभावना है। अर्शदीप को तीसरे मैच में रेस्ट दिया गया था।

**टी-20 में भारत का पलड़ा भारी-** न्यूजीलैंड और भारत के बीच अब तक कुल 28 टी-20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले गए हैं, जिसमें भारत ने 15 मैचों में जीत दर्ज की है। जबकि न्यूजीलैंड को 10 मुकाबलों में सफलता मिली है। 3 मैच टाई भी रहे हैं।

भारतीय सरजमीं पर दोनों टीमों के बीच 14 टी-20 खेले गए हैं, जहां होम टीम ने 10 मैच जीते, जबकि न्यूजीलैंड को सिर्फ 4 में जीत नसीब हुई। न्यूजीलैंड ने भारत के खिलाफ लगातार पांचवीं टी-20 सीरीज भी गंवा दी है। टीम कभी भारत में टी-20 सीरीज भी नहीं जीत पाई।

सूर्यकुमार यादव सीरीज के टॉप स्कोरर भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने दूसरे टी-20 में 82 और तीसरे में नाबाद 57 रन बनाए थे। फिलहाल वे सीरीज और टीम दोनों के टॉप स्कोरर हैं। उनके अलावा अभिषेक शर्मा 2 और ईशान किशन 1 फिफ्टी लगा चुके हैं। गेंदबाजी में हार्दिक पंड्या टॉप पर हैं।

जैकब डफी न्यूजीलैंड के टॉप बॉलर न्यूजीलैंड के लिए ऑलराउंडर ग्लेन फिलिप्स ने सबसे ज्यादा 145 रन बनाए हैं, उन्होंने पहले टी-20 में 78 और तीसरे में 48 रन बनाए थे। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज जैकब डफी 3 विकेट ले चुके हैं।

# पाकिस्तान टी-20 वर्ल्ड कप से हट सकता है

### कहा- बांग्लादेश को बाहर करना गलत, भारत-पाकिस्तान को न्यूट्रल वेन्यू दी तो उन्हें क्यों नहीं






ब्रह्मास्त्र » दुबई

पाकिस्तान भी टी-20 वर्ल्ड कप से हट सकता है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चीफ मोहसिन नकवी ने कहा, आईसीसी ने बांग्लादेश के साथ गलत व्यवहार किया। हम अब सरकार के फैसले का इंतजार कर रहे हैं, अगर उन्होंने मना कर दिया तो हम भी टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे।

मोहसिन नकवी ने द डॉन वेबसाइट को बताया-आईसीसी की मीटिंग में भी मैंने इस मुद्दे को उठाया। आप किसी के साथ दोहरा व्यवहार नहीं अपना सकते। यहां एक देश को उसकी मर्जी का वेन्यू मिल जाता है, लेकिन दूसरे देश को हटाया जाता है। पाकिस्तान बोर्ड बांग्लादेश के साथ खड़ा है। हमारा कहना साफ है कि जब आप पाकिस्तान और भारत को न्यूट्रल वेन्यू दे सकते हो तो बांग्लादेश को क्यों नहीं।

नकवी ने कहा- हम प्रधानमंत्री के लौटने का इंतजार कर रहे हैं। तभी हम फैसला लेंगे कि वर्ल्ड कप खेलना है या नहीं। हम अपने प्लान- ए, बी, सी और डी पर काम करेंगे।

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल बांग्लादेश को वर्ल्ड कप से हटा दिया। उनकी जगह अब स्कॉटलैंड को मौका मिल गया। टीम ग्रुप-सी में बांग्लादेश की जगह सभी मैच खेलेगी।

**सुरक्षा से खुश नहीं था बांग्लादेश बोर्ड-** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड की मांग थी कि उनके प्लेयर्स को भारत में खतरा है, इसलिए उनकी टीम के मैच श्रीलंका में कराए जाएं। आईसीसी ने सुरक्षा में कोई कमी नहीं बताई और बांग्लादेश को भारत में ही खेलने की हिदायत दी। बांग्लादेश फिर भी खेलने के लिए नहीं माना, इसलिए आईसीसी ने उन्हें यूरोपियन टीम से रिप्लेस कर दिया।

**मुस्तफिजुर को बाहर करने के कारण विवाद हुआ-** 16 दिसंबर के आईपीएल ऑक्शन में बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 9.20 करोड़ रुपए में खरीदा। कुछ दिनों बाद बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा बढ़ गई और 7 हिंदू युवकों की हत्या भी कर दी गई।


भारत में संतों और राजनीतिक पार्टियों ने हिंदू युवकों की हत्या का विरोध किया। उन्होंने कहा कि केकेआर को बांग्लादेशी प्लेयर्स को नहीं खिलाना चाहिए। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने फिर केकेआर से कहा कि वे मुस्तफिजुर को हटा दे। 4 जनवरी को केकेआर ने मुस्तफिजुर को अपनी टीम से रिलीज कर दिया।

मुस्तफिजुर को हटाए जाने के बाद बांग्लादेश सरकार ने अपने देश में आईपीएल के प्रसारण पर बैन लगा दिया। जिसके बाद बीसीबी ने कहा कि उनके खिलाड़ियों को भारत में खतरा है। इसलिए उनके वर्ल्ड कप मैच श्रीलंका में कराए जाएं। बांग्लादेश की इस मांग को आईसीसी ने खारिज किया और उन्हें टूर्नामेंट से बाहर ही कर दिया।

### बांग्लादेश टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर, भारत में खेलने से इनकार किया था

बांग्लादेश टी-20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गया है। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया। दुबई में हुई बैठक के दौरान आईसीसी के चेयरमैन जय शाह ने यह फैसला लिया। आईसीसी ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर इस बात की जानकारी दी। आईसीसी से दी गई 24 घंटे की डेडलाइन के बावजूद बांग्लादेश सरकार ने भारत में खेलने से इनकार कर दिया, जिसके बाद आईसीसी ने यह कदम उठाया। भारत में मैच कराने के आईसीसी के फैसले के खिलाफ बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने डिस्प्यूट रिजोल्यूशन कमेटी में अपील दायर की थी, लेकिन उसे भी खारिज कर दिया गया।

इस पूरे विवाद की शुरूआत बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को आईपीएल से बाहर किए जाने के बाद हुई। इसके बाद बीसीबी ने भारत में खेलना असुरक्षित बताते हुए टीम को भारत भेजने से मना कर दिया।



## नॉर्थ ब्लॉक में लॉक हुए अधिकारी

# हलवा सेरेमनी के साथ बजट की उल्टी गिनती शुरू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय बजट 2026 की तैयारियां अंतिम चरण में। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की मौजूदगी में 'हलवा सेरेमनी' का आयोजन किया गया। इसे साथ ही, अधिकारियों का लॉक-इन पीरियड शुरू हो गया। जानिए इस बारे में सबकुछ।

केंद्रीय बजट 2026-27 पेश होने में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। इस अहम दिन से पहले आज (27 जनवरी, 2026) वित्त मंत्रालय में पारंपरिक 'हलवा सेरेमनी' का आयोजन किया गया। इस रस्म के साथ ही बजट बनाने की प्रक्रिया अपने अंतिम चरण में पहुंच गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नॉर्थ ब्लॉक स्थित बजट प्रेस में कड़ाही में हलवा बनाकर इस परंपरा को निभाया। इस मौके पर उनके साथ केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

**क्या है 'हलवा सेरेमनी' और 'लॉक-इन'-** बजट प्रक्रिया में इस रस्म का विशेष महत्व है। हलवा सेरेमनी के साथ ही बजट बनाने में शामिल अधिकारियों का 'लॉक-इन' पीरियड शुरू हो जाता है। इसका मतलब है कि बजट संसद में पेश होने तक ये अधिकारी बाहरी दुनिया से पूरी तरह कट जाएंगे ताकि बजट दस्तावेजों की गोपनीयता बरकरार रहे। वित्त मंत्री ने सेरेमनी के दौरान बजट प्रेस का दौरा किया, तैयारियों का जायजा लिया और पूरी बजट टीम को शुभकामनाएं दीं।

**यूनियन बजट मोबाइल ऐप:** सांसद और आम जनता इस ऐप के जरिए बजट दस्तावेज आसानी से देख सकेंगे।

**कब होगा उपलब्ध-** 1 फरवरी, 2026 को संसद में वित्त मंत्री का बजट भाषण समाप्त होने के तुरंत बाद सभी दस्तावेज ऐप और वेबसाइट पर उपलब्ध हो जाएंगे।

**क्या-क्या मिलेगा-** इसमें वार्षिक वित्तीय विवरण, अनुदान की मांगें और वित्त विधेयक शामिल होंगे। केंद्रीय बजट 2026-27 संसद में 1 फरवरी, 2026 को पेश किया जाएगा। देश की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि सरकार आगामी वित्तीय वर्ष के लिए क्या बड़े ऐलान करती है।

## बैंकिंग हड़ताल से 4 लाख करोड़ रुपये के चेक क्लियरेंस में अटके

# मैरिको को 460 करोड़ रुपये का फायदा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) की हड़ताल के चलते देशभर में कई जगहों पर जमा और निकासी जैसी शाखा बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहीं। साथ ही, 4 लाख करोड़ रुपये के चेक क्लियरेंस में अटक गए। यूनियन की मांग सप्ताह में पांच कार्य दिवस को लागू करने की है। नौ यूनियनों के समूह यूएफबीयू की ओर से आयोजित यह हड़ताल 23 जनवरी को मुख्य श्रम आयुक्त के साथ हुई बैठक के विफल होने के बाद हुई।

यूएफबीयू की हड़ताल में सरकारी बैंकों की विभिन्न यूनियनों के 8 लाख कर्मचारियों ने भाग लिया। ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉई एसोसिएशन के महासचिव सी एच वेंकटचलम ने बताया, नकद लेनदेन प्रभावित हुए और बिल ट्रेडिंग, बिल डिस्काउंटिंग और ट्रेडिंग पर असर पड़ा। सरकारी बैंकों में कई जगहों पर ट्रेजरी संचालन भी बंद रहा। ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स कन्फेडरेशन के महासचिव रूपम रॉय ने बताया, दिसंबर, 2023 में हुई चर्चाओं के बाद यह सहमति बनी थी कि सोमवार से शुक्रवार तक दैनिक कार्य समय में 40 मिनट की वृद्धि की जाएगी। शेष शनिवार को अवकाश घोषित किया जाएगा।

**एशियन पेंट्स का लाभ घटकर 1,128 करोड़-** नए श्रम संहिता के लागू होने के चलते एशियन पेंट्स का मुनाफा दिसंबर तिमाही में 4 फीसदी घटकर 1,073.92 करोड़ रुपये रह गया है। राजस्व 3.71 फीसदी बढ़कर 8,867 करोड़ रुपये हो गया। 157.61 करोड़ ग्रेच्युटी में वृद्धि के लिए और 63.74 करोड़ के एकमुश्त खर्च व 93.87 करोड़ के व्हाइट टीक के अधिग्रहण जैसे खर्चों से लाभ में कमी आई।

**टाटा कंज्यूमर का फायदा 36 फीसदी बढ़ा-** टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स को तीसरी तिमाही में 384.52 करोड़ का फायदा हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 36.4 फीसदी अधिक है। राजस्व 15 फीसदी बढ़कर 5,112 करोड़ हो गया। खर्च 4,582.24 करोड़ रहा, जो 12.11 फीसदी अधिक है। अन्य आय सहित टाटा कंज्यूमर की आय 14 फीसदी से ज्यादा बढ़कर 5,145.01 करोड़ रही।

**मैरिको को 460 करोड़ रुपये का फायदा-** मैरिको लि. को दिसंबर तिमाही में 460 करोड़ रुपये का फायदा हुआ है। एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में यह 13.3 फीसदी अधिक है। राजस्व 26.6 फीसदी बढ़कर 3,537 करोड़ रुपये हो गया। खर्च 29.8 फीसदी बढ़कर 3,009 करोड़ हो गया।

**ऊर्जा क्षेत्र में भारत को सालाना 145 अरब डॉलर निवेश जुटाने की जरूरत-** सतत आर्थिक विकास और शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्यों के बीच के अंतर को पाटने के लिए भारत को ऊर्जा क्षेत्र में 145 अरब डॉलर का वार्षिक निवेश जुटाने की जरूरत होगी। वुड मैकेन्जी के एशिया प्रशांत क्षेत्र के उपाध्यक्ष जोशुआ न्गु ने इंडिया एनर्जी वीक में कहा, भारत की बढ़ती अर्थव्यवस्था और कार्बन उत्सर्जन कम करने के लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए पूंजी का उपयोग रणनीतिक रूप से बिजली उत्पादन, ऊर्जा भंडारण और ग्रिड के तत्काल आधुनिकीकरण पर केंद्रित होना चाहिए। जोशुआ न्गु ने कहा, भारत का अगला दशक निर्णायक है। भारत को तात्कालिक ऊर्जा सुरक्षा के जोखिम को कम करना होगा। साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था को सहारा देने के लिए जरूरी कम कार्बन उत्सर्जन वाली संरचना का निर्माण करना होगा। निवेश विकल्प यह तय करेंगे कि देश कार्बन बुनियादी ढांचे में फंसा रहेगा या कम कार्बन उत्सर्जन वाले औद्योगीकरण में विश्व का नेतृत्व करेगा। मैकेंजी ने कहा, विद्युत क्षेत्र भारत में उत्सर्जन का बड़ा स्रोत होने के साथ ऊर्जा परिवर्तन का इंजन भी है।




### 2032 तक तीन नैनोमीटर वाले चिप्स निर्माण का लक्ष्य- वैष्णव

सरकार का लक्ष्य 2032 तक आधुनिक स्मार्टफोन और कंप्यूटर जैसे उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले 3 नैनोमीटर नोड के उच्च तकनीक वाले छोटे चिप्स का निर्माण करना है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, सरकार डिजाइन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना के दूसरे चरण के तहत छह श्रेणियों के चिप्स कंप्यूट, रेडियो फ्रीक्वेंसी, नेटवर्किंग, पावर, सेंसर और मेमोरी पर ध्यान केंद्रित करेगी। इस योजना के तहत देश की कंपनियों को 70-75 फीसदी तकनीकी उत्पादों के विकास पर प्रमुख नियंत्रण मिलेगा। वैष्णव ने कहा, डिजाइन तो हम आज भी कर रहे हैं, लेकिन निर्माण के मामले में हमें 3 नैनोमीटर तक पहुंचना होगा। 2029 तक चिप्स के निर्माण और डिजाइन की एक बड़ी क्षमता होगी। इनकी हमारे देश में लगभग 70-75 फीसदी एप्लिकेशन में व्यावहारिक रूप से आवश्यकता होती है।

## 'मदर ऑफ ऑल डील्स' पूरी

# सस्ती होंगी कारें और बीयर, लेकिन कल से नहीं!



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

भारत-ईयू के बीच 'मदर ऑफ ऑल डील्स' साइन। कार, बीयर और दवाइयां होंगी सस्ती, लेकिन कल से नहीं! जानें कब से लागू होंगी नई कीमतें और क्या है पूरा गणित। पूरी रिपोर्ट यहाँ पढ़ें।

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार 27 जनवरी 2026 को भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) ने ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर मुहर लगा दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे 'मदर ऑफ ऑल डील्स' करार दिया है। इस समझौते से भारत में यूरोपीय कारों, बीयर और मशीनों पर लगने वाला टैक्सभारी मात्रा में घटेगा। लेकिन क्या ये चीजें कल सुबह से ही सस्ती मिलने लगेंगी? और आपकी जेब पर इसका कब और कितना असर होगा? आइए, ताजा अपडेट्स के साथ आसान सवाल-जवाब में समझते हैं पूरा गणित:

**सवाल:** डील तो हो गई, अब सस्ता सामान कब से मिलेगा?

**जवाब:** कल से नहीं! यही इस खबर का सबसे बड़ा पेंच है। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल के मुताबिक, डील फाइनल होने के बाद इसे लागू होने में वक्त लगेगा और संभवत: अगले साल तक यह अमल में आएगी। कुछ जानकारों का कहना है कि जीरो टैरिफ का पूरा फायदा मिलने में 5 साल या उससे ज्यादा का वक्त भी लग सकता है। इसलिए कल शोरूम जाकर डिस्काउंट मांगना जल्दबाजी होगी।

**सवाल:** मर्सिडीज-ऑडी जैसी लग्जरी कारों पर कितनी छूट मिलेगी?

**जवाब:** यह ऑटो सेक्टर के लिए सबसे बड़ी खबर है। यूरोपीय कारों पर लगने वाली भारी-भरकम ड्यूटी को धीरे-धीरे घटाकर 10% पर लाया जाएगा।

## जानिए सर्राफा बाजार का ताजा हाल

# सोना 1.66 लाख, चांदी 3.70 लाख के पार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सोने और चांदी की कीमतों का चढ़ना जारी है। दिल्ली में चांदी 3.7 लाख प्रति किलोग्राम और सोना 1.66 लाख प्रति 10 ग्राम के पार पहुंच गया है। वैश्विक बाजार में मची उथल-पुथल के बाद सराफा बाजार की कीमतें बेलगाम हैं। आइए बाजार भाव विस्तार से जानें।

देश की राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों ने अब तक के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए। 26 जनवरी की छुट्टी के बाद जब बाजार खुले, तो कीमतों में ऐतिहासिक उछाल देखने को मिला। चांदी ने एक ही दिन में 40 हजार रुपये से ज्यादा की छलांग लगाई और 3.70 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई। वहीं, सोना भी 1.66 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर जा बैठा। बाजार के जानकारों का कहना है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई टैरिफ नीतियों और बढ़ते वैश्विक तनाव ने निवेशकों को सुरक्षित निवेश की ओर मोड़ दिया है, जिससे यह अभूतपूर्व तेजी आई है।



**कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर- चांदी:** चांदी ने सोने को भी पीछे छोड़ दिया है। मंगलवार को इसमें 40,500 रुपये (12.3%) का जबरदस्त उछाल आया और यह 3,70,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) के नए 'लाइफ टाइम हाई' पर पहुंच गई। पिछले सत्र में यह 3,29,500 रुपये पर थी।

**सोना :** 99.9% शुद्धता वाला सोना 7,300 रुपये (4.6%) महंगा होकर 1,66,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। शुक्रवार को यह 1,58,700 रुपये पर बंद हुआ था।

**वैश्विक बाजार में 5000 डॉलर के पार सोना-** ग्लोबल मार्केट में भी सोने ने पहली बार 5,000 डॉलर का मनोवैज्ञानिक स्तर पार कर लिया है। सोमवार को यह 5,110.24 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड तक गया था और फिलहाल 5,087.48 डॉलर के आसपास कारोबार कर रहा है। वहीं, चांदी ने भी 100 डॉलर का स्तर पार कर लिया है और यह 112.41 डॉलर प्रति औंस पर चल रही है।

### क्यों मची है इतनी खलबली?

**विशेषज्ञों के मुताबिक, इस 'सुपर रैली' के पीछे तीन बड़े कारण हैं:**

- **ट्रंप का 'टैरिफ' बम:** मीरा एसेट शेयरखान के प्रवीण सिंह बताते हैं कि राष्ट्रपति ट्रंप ने चीन के साथ ट्रेड डील करने की कोशिश कर रहे कनाडा को 100% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। इसके अलावा, दक्षिण कोरियाई ऑटोमोबाइल और फार्मा पर टैरिफ बढ़ाकर 25% कर दिया गया है। इन फैसलों ने बाजारों को डरा दिया है,।
- **अनिश्चितता का माहौल:** ऑगमोंट की रिसर्च हेड रेनिशा चैनानी का कहना है कि ट्रंप की नीतियों को लेकर अनिश्चितता इस साल कीमती धातुओं की कीमतों का मुख्य ड्राइवर है। एशिया और यूरोप में नए निवेशक आक्रामक रूप से सोना-चांदी जमा कर रहे हैं।
- **औद्योगिक मांग:** लेमन मार्केट्स डेस्क के गौरव गर्ग के अनुसार, चांदी को निवेश के साथ-साथ मजबूत औद्योगिक मांग का भी सहारा मिल रहा है।

## जानें क्या है ओएमओ और करेंसी स्वैप

# बैंकिंग सिस्टम में जान फूंकने के लिए 1 लाख करोड़ का मेगा प्लान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आरबीआई ने लिक्विडिटी बढ़ाने के लिए 1 लाख करोड़ के ओएमओ और $10 अरब के करेंसी स्वैप का एलान किया। जानें 29 जनवरी और 5 फरवरी को होने वाली नीलामी और इसका बैंकिंग सिस्टम पर असर।

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकिंग सिस्टम में नकदी के प्रवाह को बढ़ाने के लिए मंगलवार को दो बड़े और अहम फैसले लिए हैं। केंद्रीय बैंक ने एलान किया है कि वह ओपन मार्केट ऑपरेशंस के जरिए 1 लाख करोड़ रुपये की सरकारी सिक्योरिटीज खरीदेगा और साथ ही 5 अरब डॉलर नहीं, बल्कि पूरे 10 अरब डॉलर की करेंसी स्वैप नीलामी आयोजित करेगा। इस कदम का सीधा मकसद बाजार में पैसों की तंगी को दूर करना और वित्तीय प्रणाली में पर्याप्त नकदी सुनिश्चित करना है।

आरबीआई ने अपने बयान में बताया है कि वह कुल 1,00,000 करोड़ रुपये की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करेगा। यह प्रक्रिया एक बार में नहीं, बल्कि दो चरणों में पूरी की जाएगी:

**पहला चरण:** 50,000 करोड़ रुपये की नीलामी 29 जनवरी को होगी।

**दूसरा चरण:** बाकी बचे 50,000 करोड़ रुपये की नीलामी 5 फरवरी को की जाएगी।

पहले केंद्रीय बैंक ने संकेत दिए थे कि ये नीलामी 5 फरवरी और 12 फरवरी को आयोजित की जा सकती हैं, लेकिन अब नई तारीखें 29 जनवरी और 5 फरवरी तय की गई हैं।

**10 अरब का 'डॉलर-रुपया स्वैप' क्या, आसान भाषा में समझें-** लिक्विडिटी बढ़ाने के दूसरे बड़े कदम के तहत, आरबीआई 4 फरवरी को 10 अरब डॉलर (लगभग 83,000 करोड़ रुपये से अधिक) की 'बॉय/सेल' करेंसी स्वैप नीलामी करेगा। इस स्वैप की अवधि तीन साल की होगी। यह कैसे काम करेगा? आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि यह एक साधारण 'खरीद/बिक्री' विदेशी मुद्रा स्वैप होगा।

इस प्रक्रिया में, बैंक अपने पास मौजूद अमेरिकी डॉलर आरबीआई को बेचेंगे।

# तेलंगाना के गांव में 200 आवारा कुत्तों की हत्या

## पंचायत सचिव पर जहरीले इंजेक्शन से मरवाने का आरोप



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

तेलंगाना के हनमकोंडा जिले के पथीपाका गांव में 200 आवारा कुत्तों की हत्या कर दी गई। एनिमल वेल्फेयर ऐक्टिविस्ट के दावे के मुताबिक, गांव के सरपंच ने दिसंबर में हुए पंचायत चुनाव में लोगों से कुत्तों से छुटकारा दिलाने का वादा किया था। करीब एक महीने पहले, वादा पूरा करने के लिए कुत्तों को जहरीला इंजेक्शन दे दिया गया। फिर कुत्तों के शवों को गांव के ही कब्रिस्तान में दफना दिया गया। दावा है कि यह सब ग्राम पंचायत सचिव की निगरानी में हुआ।

इससे पहले, हनमकोंडा जिले के श्यामपेट और अरेपल्ली गांवों में भी 6 जनवरी से 9 जनवरी के बीच लगभग 300 आवारा कुत्तों की हत्या का मामला सामने आया था। तेलंगाना के कुल तीन जिलों में दिसंबर 2025 से अब तक 1100 कुत्तों की हत्या हो चुकी है।

### 22 जनवरी- जगतियाल में 300 कुत्तों की हत्या हुई

22 जनवरी को जगतियाल जिले के पेगाडापल्ली गांव में करीब 300 कुत्तों को जहरीले इंजेक्शन देने हत्या का मामला सामने आया था। इस मामले में सरपंच और पंचायत सचिव के खिलाफ बीएनएस और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। पूरी खबर पढ़ेंह्व

### 19 जनवरी: याचरम में 100 कुत्तों की हत्या का आरोप

इससे पहले 19 जनवरी को याचरम गांव में 100 कुत्तों को मारे जाने के आरोप में सरपंच, सचिव और एक वार्ड सदस्य के खिलाफ मामला दर्ज हुआ। पुलिस ने बताया था कि दफनाने की जगह से लगभग 70 से 80 कुत्तों के शव निकाले गए। ऐसा लग रहा था कि शवों को तीन से चार दिन पहले दफनाया गया था।

### 14 जनवरी: कामारेड्डी में 200 कुत्तों की हत्या

14 जनवरी को कामारेड्डी जिले के 5 गावों- भवानीपेट, पालवंचा, फरीदपेट, वाड़ी और बंदारामेश्वरपल्ली गांवों में करीब 200-300 आवारा कुत्तों को मारने के आरोप था। पुलिस ने पांच सरपंचों सहित छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। पूरी खबर पढ़ेंह्व

### 6-9 जनवरी: हनमकोंडा जिले में 300 कुत्तों की मौत

हनमकोंडा जिले के श्यामपेट और अरेपल्ली गांवों में 6 जनवरी से 9 जनवरी के बीच लगभग 300 आवारा कुत्तों की हत्या का मामला सामने आया था। तेलंगाना के गांवों में ग्राम पंचायत चुनाव के बाद बड़े पैमाने पर आवारा कुत्तों को मारने के मामले सामने आए हैं। गांवों से जुड़े सूत्रों ने बताया कि पिछले साल दिसंबर में ग्राम पंचायत चुनाव हुए थे।

# भारत-यूरोपीय यूनियन के बीच सबसे बड़ी ट्रेड डील : यूरोपियन कमीशन प्रेसिडेंट बोलीं-भारत ग्लोबल पॉलिटिक्स में टॉप पर पहुंचा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

यूरोपियन काउंसिल के प्रेसिडेंट एंटोनियो कोस्टा और यूरोपियन कमीशन की प्रेसिडेंट उर्सुला वॉन डेर लेयेन के सम्मान में मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में डिनर रखा गया।


इस दौरान यूरोपियन कमीशन की प्रेसिडेंट उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि भारत ग्लोबल राजनीति में टॉप पर पहुंच गया है। यह एक ऐसा डेवलपमेंट है जिसका यूरोप स्वागत करता है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में, भारत-यूरोप की सोच और नजरिया एक जैसा है। हमारा मानना ??है कि वैश्विक चुनौतियों का सामना सिर्फ सामूहिक प्रयासों से ही किया जा सकता है इस खास डिनर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत, नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर अजित डोभाल समेत कई हस्तियां शामिल हुईं। अगर यूरोप और भारत अपने संसाधनों और ताकत को मिलाएं, तो बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। इसी सोच के साथ आज दोनों साथ आए हैं।

यह भारत-यूरोप फ्री ट्रेड एग्रीमेंट और साझेदारी का एक अहम मोड़ है। यह साझेदारी की शुरूआत भर है, आगे और बड़ा सहयोग होगा। भारत और यूरोप दुनिया को एक मजबूत संदेश दे रहे हैं। ऐसे समय में जब दुनिया में मतभेद और तनाव बढ़ रहे हैं, भारत और यूरोप बातचीत, सहयोग और तालमेल का रास्ता चुन रहे हैं।

इससे अस्थिर समय में स्थिरता और भरोसा बढ़ेगा। लोग खुद को सुरक्षित महसूस करेंगे। कारोबार और निवेश को भरोसे और निश्चितता मिलेगी। इन समझौतों के साथ भारत और यूरोप और ऊंचाइयों तक पहुंच सकते हैं।






# पं. बंगाल में दो गोदामों में आग, 8 की मौत: कई मजदूर के फंसे होने की आशंका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के साउथ 24 परगना जिले में सोमवार सुबह दो गोदामों में आग लगने से 8 लोगों की मौत हो गई। कई मजदूर लापता हैं। पुलिस के मुताबिक, आग सुबह करीब 3 बजे लगी। दमकल की 12 गाड़ियों ने करीब 7 घंटे की मशक्कत के बाद सुबह 10 बजे आग पर काबू पाया। हालांकि गोदाम के कुछ हिस्सों में देर शाम तक धुआं और आग की लगी रही। शाम करीब 5 बजे तीन शव मिले। बाद में तलाशी के दौरान पांच और शव बरामद किए गए। बारुईपुर पुलिस जिला एसपी शुभेंदु कुमार ने बताया कि सभी शव इतनी बुरी तरह झुलसे हैं कि पहचान संभव नहीं है। शुरुआत में 6 लोगों के लापता होने की सूचना मिली थी, लेकिन परिजनों का कहना है कि यह संख्या 10 से ज्यादा हो सकती है। गोदाम में एक डेकोरेटिंग कंपनी और एक लोकप्रिय मोमो चेन के मजदूर काम करते थे, जो वहीं अस्थायी कमरों में रहते थे।

चार मजदूर ने समय रहते फैक्ट्री से बाहर भागकर अपनी जान बचाई। मृतक और लापता मजदूर पुरबा मेदिनीपुर, पश्चिम मेदिनीपुर और दक्षिण 24 परगना जिलों के रहने वाले हैं।



# राजस्थान में आंधी के साथ बारिश शुरू: मध्यप्रदेश के 28 जिलों में बारिश का अलर्ट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश के उत्तर-पश्चिमी राज्यों में फिर मौसम बदला है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों में मंगलवार से तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर शुरू होने वाला है। राजस्थान के जयपुर में आज सुबह धूल भरी आंधी के साथ बारिश हुई। मध्य प्रदेश में भोपाल, ग्वालियर समेत 28 जिलों में आज और कल बारिश का अलर्ट है। कई शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे जा सकता है। यूपी के 14 जिलों में बारिश के साथ ओले गिरने की चेतावनी जारी की है। 50 जिलों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी।


इधर, हिमाचल प्रदेश में भारी बर्फबारी से हालात बिगड़े हुए हैं। कई नेशनल हाईवे पर बर्फ जमी है। इससे सैकड़ों पर्यटक फंसे हैं। मौसम विभाग ने आज भी कुल्लू, किन्नौर, चंबा, लाहौल-स्पीति और शिमला में भारी बारिश और बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। जम्मू-कश्मीर में अधिकांश जगहों पर आज सुबह से बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी के कारण श्रीनगर से आने-जाने वाली आठ फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं। बर्फ से ढंके ऊंचे इलाकों में रहने वाले लोगों को बाहर जाने से बचने की चेतावनी दी गई है। सोमवार को गुलमर्ग घाटी में तापमान -9.0 डिग्री दर्ज किया गया।

## 77वें गणतंत्र दिवस पर भोपाल में राज्यपाल और उज्जैन में सीएम ने फहराया तिरंगा

# उज्जैन, शिवपुरी में एयरपोर्ट बनेंगे... 3 आयुर्वेदिक कॉलेज खुलेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

77वें गणतंत्र दिवस पर उज्जैन ने नया इतिहास रच दिया। उज्जैन में दूसरी बार, लेकिन शिप्रा नदी के तट पर पहली बार प्रदेश के किसी मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। मुख्यमंत्री ने कार्तिक मेला ग्राउंड पर परेड की सलामी ली और आमजन को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने कई घोषणाएं कीं। सीएम ने कहा- इंदौर, उज्जैन और भोपाल के आसपास के क्षेत्रों को जोड़कर मेट्रोपॉलिटन सिटी विकसित की जा रही है। सांदीपनि आश्रम को विकसित किया जा रहा है। उज्जैन और शिवपुरी में नए एयरपोर्ट बनाए जाएंगे। उज्जैन एयरपोर्ट के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शीघ्र कर दी गई है। उन्होंने उज्जैन में इस साल तीन नए आयुर्वेदिक कॉलेज बनाने की बात भी कही। सीएम ने कहा- लाड़ली बहना योजना के तहत अब महिलाओं को 1500 रुपए प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। बीते दो वर्षों में इस योजना के तहत करीब 50 हजार करोड़ रुपए बांटे जा चुके हैं। महिला सम्मान को बढ़ावा देने के लिए क्रांति गोंड को 1 करोड़ रुपए की सहायता राशि दिए जाने की भी जानकारी दी गई।



### भोपाल के लाल परेड मैदान पर कार्यक्रम

वहीं भोपाल के लाल परेड मैदान में राज्य स्तरीय मुख्य समारोह हुआ। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने तिरंगा फहरा कर 22 प्लाटून की संयुक्त परेड की सलामी ली।

समारोह में सुरक्षा बलों, छात्र संगठनों और स्वयंसेवी दलों ने अनुशासन और राष्ट्रभक्ति का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अवसर पर 22 विभागों की आकर्षक झांकियों के माध्यम से प्रदेश की विकास यात्रा और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया गया।

### ट्रम्प की साउथ कोरिया पर 25% टैरिफ की धमकी: कहा-

# दोनों देशों के बीच ट्रेड डील हुई थी, उन्होंने हमारी ट्रेड डील मंजूर नहीं की, ऑटो-दवाओं पर 15% से टैरिफ बढ़ाएंगे

### साउथ कोरिया से 11 लाख करोड़ का सामान इंपोर्ट होता है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने साउथ कोरिया पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी दी है। ट्रम्प ने कहा कि साउथ कोरिया की नेशनल असेंबली ने अमेरिकी सरकार के साथ तय ट्रेड डील को मंजूरी नहीं दी। साउथ कोरिया की संसद अमेरिका के साथ किए समझौते के अनुसार काम नहीं कर रही है।

ट्रम्प ने मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ पर लिखा कि मैं दक्षिण कोरिया पर ऑटो, लकड़ी, फार्मा और अन्य सभी सामानों पर टैरिफ को 15% से बढ़ाकर 25% कर रहा हूं।

ट्रम्प ने कहा कि साउथ कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्यांग और मैंने 30 जुलाई 2025 को दोनों देशों के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते पर सहमति बनाई थी। मैंने 29 अक्टूबर 2025 को कोरिया में रहते हुए इस समझौते को दोहराया था। कोरियाई संसद ने इसे मंजूरी क्यों नहीं दी? उन्होंने हमारे ऐतिहासिक व्यापार समझौते को लागू नहीं किया है, जो उनकी जिम्मेदारी है। उस समझौते में ट्रम्प ने दावा किया था कि साउथ कोरिया, अमेरिका में 350 अरब डॉलर (करीब 29 लाख करोड़ रुपए) का निवेश करेगा, जिस पर कंट्रोल अमेरिका का रहेगा। अमेरिकी कॉमर्स डिपार्टमेंट के आंकड़ों के मुताबिक, साल 2024 में साउथ कोरिया ने अमेरिका को करीब 132 अरब डॉलर (लगभग 11 लाख करोड़ रुपए) का सामान एक्सपोर्ट किया। इसमें ऑटोमोबाइल और ऑटो पार्ट्स के साथ सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद प्रमुख हैं। टैरिफ बढ़ने से इन साउथ कोरियाई सामानों की कीमतें अमेरिका में बढ़ सकती हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कनाडा को चीन के साथ व्यापार को लेकर सख्त चेतावनी दी। ट्रम्प ने कहा था कि अगर गवर्नर मार्क कार्नी (कनाडाई पीएम) ये सोचते हैं कि वे कनाडा को चीन का ऐसा रास्ता बना देंगे, जहां से चीन अपना सामान अमेरिका भेज सके, तो वे गलत हैं। चीन, कनाडा को पूरी तरह नुकसान पहुंचा देगा। चीन, कनाडा के कारोबार, समाज और जीवनशैली को खत्म कर देगा और देश को पूरी तरह निगल जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि अगर कनाडा ने चीन के साथ कोई समझौता किया, तो अमेरिका तुरंत कनाडा से आने वाले सभी सामानों पर 100% टैरिफ लगा देगा।

### भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कार मार्केट

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कार बाजार है, लेकिन अब तक विदेशी कार कंपनियों की हिस्सेदारी यहां 4% से भी कम रही है। ऊंचे टैक्स की वजह से कंपनियां सीमित मॉडल ही बेच पाती थीं। टैक्स कम होने से कंपनियां सस्ती कीमत पर ज्यादा मॉडल बेच सकेंगी और बाजार को परख सकेंगी, जिसके बाद वे भारत में और निवेश कर सकती हैं। इस समझौते से भारत के कपड़ा, जेम्स और ज्वेलरी, फुटवियर, चमड़ा और हस्तशिल्प जैसे लेबर बेस्ड सेक्टर्स को भी बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है। भारत चाहता है कि इन प्रोडक्ट्स को यूरोपीय मार्केट में कम या जीरो टैक्स पर एंट्री मिले। यह मांग भारत ने अपने दूसरे व्यापार समझौतों में भी रखी थी और कई जगह सफल भी रही है। यूरोपीय यूनियन की ओर से कारों और शराब जैसे वाइन और स्पिरिट्स पर टैक्स कम करने की मांग लंबे समय से की जा रही है। भारत पहले ही ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के साथ ऐसे समझौतों में टैक्स घटाने पर सहमत हो चुका है।

### वेंस की वजह से नहीं हो पाई भारत-अमेरिका ट्रेड डील

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की वजह से भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील नहीं हो पाई। यह दावा अमेरिका के रिपब्लिकन सीनेटर टेड क्रूज ने किया है। क्रूज की एक ऑडियो रिकॉर्डिंग लीक हुई है। यह सीक्रेट रिकॉर्डिंग अमेरिकी मीडिया आउटलेट एक्सिओस को मिली हैं। रिकॉर्डिंग में क्रूज ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को भी कभी-कभी डील में देरी के लिए जिम्मेदार बताया है।

ये बातचीत 2025 के मध्य में दानदाताओं के साथ निजी बैठकों के दौरान की गई थी। रिकॉर्डिंग में क्रूज कहते हैं कि भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर व्हाइट हाउस के भीतर विरोध रहा। जब दानदाताओं ने पूछा कि डील में सबसे ज्यादा अड़चन कौन डाल रहा है, तो क्रूज ने व्हाइट हाउस के ट्रेड एडवाइजर पीटर नवारो, उपराष्ट्रपति जेडी वेंस और कभी-कभी ट्रम्प का नाम लिया।

रिकॉर्डिंग में क्रूज ने कहा कि अप्रैल 2025 में लागू किए गए ट्रम्प के टैरिफ अमेरिकी अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर सकते हैं। क्रूज के मुताबिक, टैरिफ लागू होने के बाद उन्होंने और कुछ अन्य सीनेटरों ने ट्रम्प से देर रात तक चली फोन कॉल में फैसले पर पुनर्विचार करने को कहा, लेकिन बातचीत ठीक नहीं रही।

# जिनपिंग ने भारत को गणतंत्र दिवस की बधाई दी

### कहा- ड्रैगन और हाथी साथ डांस करें; ट्रम्प बोले- भारत-अमेरिका का ऐतिहासिक रिश्ता

### हाथी ताकत तो ड्रैगन सौभाग्य-समृद्धि का प्रतीक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बीजिंग

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने भारतीय गणतंत्र दिवस के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को बधाई संदेश भेजा है। भारत में चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी दी।

राजदूत शू फेइहोंग ने बताया कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने मैसेज में कहा है कि भारत और चीन के लिए यह सही फैसला होगा कि दोनों देश अच्छे पड़ोसी, दोस्त और साझेदार बनें, एक-दूसरे की सफलता में मदद करें और ड्रैगन और हाथी एक साथ नाचें।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भी भारत को गणतंत्र दिवस की बधाई दी है। अमेरिकी दूतावास ने सोशल मीडिया पर ट्रम्प का मैसेज लिखा- अमेरिका के लोगों की ओर से मैं भारत सरकार और भारत के लोगों को 77वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई देता हूं। अमेरिका और




भारत दुनिया के सबसे पुराने और सबसे बड़े लोकतंत्र होने के नाते एक ऐतिहासिक संबंध साझा करते हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भारत में हाथी को ताकत, समझदारी और अच्छाई का प्रतीक माना जाता है। भगवान गणेश जो बुद्धि और समृद्धि के देवता हैं, उनके साथ भी हाथी जुड़ा है। जैसे हाथी धीरे-धीरे चलता है, लेकिन बहुत ताकतवर होता है और मजबूती से चलता है, वैसे ही भारत धीरे-धीरे दुनिया में अपनी ताकत बढ़ा रहा है। वहीं, चाइना डेली के मुताबिक, चीन में ड्रैगन को ताकत, सौभाग्य और शक्ति का प्रतीक माना जाता है। चीनी कहानियों में ड्रैगन एक शक्तिशाली प्राणी है, जो बारिश और समृद्धि लाता है। ड्रैगन चीन की संस्कृति और पहचान का बड़ा हिस्सा है। भारत में हाथी ताकत, समझदारी और अच्छाई का प्रतीक है, वहीं चीन में ड्रैगन ताकत, सौभाग्य और शक्ति का प्रतीक है। अमेरिका के साउथ डकोटा राज्य के गवर्नर लैरी रोडेन ने भारत को उसके 77वें गणतंत्र दिवस के मौके पर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि आने वाले समय में भारत और अमेरिका के रिश्ते और ज्यादा मजबूत होंगे।

### अमेरिकी विदेश मंत्री ने भी भारत को बधाई दी

वॉशिंगटन राज्य के गवर्नर बॉब फर्ग्यूसन ने इस मौके पर लोगों से भारतीय और भारतीय-अमेरिकी समुदाय की उपलब्धियों को पहचानने और भारत व वॉशिंगटन के बीच दोस्ती को सम्मान देने की अपील की।अलास्का के गवर्नर माइक डनलीवी ने भी लोगों से भारतीय समुदाय के योगदान और अलास्का व भारत के बीच रिश्तों को पहचानने की बात कही। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी भारत को 77वें गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच पुराने और मजबूत रिश्ते हैं और दोनों देश रक्षा, ऊर्जा, जरूरी खनिज और नई तकनीकों जैसे क्षेत्रों में साथ मिलकर काम कर रहे हैं। मार्को रुबियो ने कहा कि क्वाड जैसे मंचों के जरिए भारत और अमेरिका के बीच कई स्तरों पर बातचीत और सहयोग हो रहा है। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों से दोनों देशों को और इंडो-पैसिफिक क्षेत्र को फायदा मिला है और वह आने वाले समय में कॉमन लक्ष्यों पर साथ काम करने को लेकर एक्साइटेड हैं।

### इजराइल ने गाजा से आखिरी बंधक का शव बरामद किया, कब्र खोदकर पुलिस का शव निकाला




इजरायल की सेना ने सोमवार को घोषणा की कि गाजा में अंतिम बंधक का शव बरामद कर लिया गया है। बंधकों की खोज के लिए इजराइली सेना कई दिनों से ऑपरेशन चला रही थी। इसी दौरान कब्रिस्तान से पुलिस अधिकारी रान गिविली का शव मिला। इसके साथ ही इजराइल और हमास के बीच लागू युद्धविराम के अगले चरण की प्रक्रिया आगे बढ़ने का रास्ता साफ हो गया है।

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि गिविली 7 अक्टूबर 2023 को हमास के नेतृत्व वाले हमले में मारे गए थे, जिसने युद्ध की शुरुआत की थी। गिविली उन पहले लोगों में शामिल थे, जिन्हें गाजा ले जाया गया था। सभी बंधकों को वापस लाने का वादा पूरा किया गया है। गिविली के परिवार ने पहले सरकार से अपील की थी कि उनके शव की बरामदगी से पहले युद्धविराम के दूसरे चरण में प्रवेश न किया जाए। हमास ने कहा है कि वह युद्धविराम के पहले चरण की सभी शर्तों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि आखिरी बंधक के शव की वापसी मध्य पूर्व में शांति की दिशा में अहम कदम है। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने कहा कि यह अमेरिका, इजरायल और पूरी दुनिया के लिए बड़ी कूटनीतिक उपलब्धि है। इससे मध्य-पूर्व में शांति की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि गाजा के पुनर्निर्माण के संबंध में नवगठित शांति बोर्ड में शामिल होने के लिए 20 से अधिक नए देशों ने भी हस्ताक्षर किए हैं, जो राष्ट्रपति के लिए एक और ऐतिहासिक उपलब्धि है।

### फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों बोले- हमारे बच्चों का दिमाग बिकाऊ नहीं

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि उनके बच्चों और किशोरों का दिमाग बिकाऊ नहीं है। उठउ की रिपोर्ट के मुताबिक उन्होंने कहा कि सितंबर से पहले 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर बैन लगा दिए जाएंगे। इसके लिए सरकार कानूनी प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने पर काम कर रही है। उन्होंने साफ कहा कि 15 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाया जाएगा और हाई स्कूलों में मोबाइल फोन पर भी रोक लगेगी। मैक्रों के मुताबिक, यह नियम बच्चों, माता-पिता और शिक्षकों तीनों के लिए बिल्कुल साफ और स्पष्ट होगा।


फ्रांस का यह फैसला ऐसे समय आया है जब पश्चिमी देशों में बच्चों को सोशल मीडिया के नुकसान से बचाने को लेकर सख्त कानून बनाने की कोशिशें तेज हो रही हैं। पिछले साल दिसंबर में ऑस्ट्रेलिया ने एक ऐतिहासिक कानून पास किया था, जिसके तहत 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए इंस्टाग्राम, टिकटॉक, फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अकाउंट रखना प्रतिबंधित कर दिया गया। मैक्रों की घोषणा से कुछ दिन पहले ही ब्रिटेन सरकार ने भी कहा था कि वह बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षित रखने के लिए कई विकल्पों पर विचार कर रही है, जिनमें 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर पाबंदी लगाना भी शामिल है।

### यूजर को उम्र साबित करना होगा

फ्रांस में इस प्रस्ताव की अगुवाई मैक्रों की पार्टी रिनेसां की सांसद लॉर मिलर कर रही हैं। उन्होंने कहा कि अभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उम्र की कोई सही जांच नहीं होती। कोई भी व्यक्ति बर्थडे डालकर आसानी से अकाउंट बना सकता है। सरकार चाहती है कि यूरोपीय डिजिटल सर्विसेज एक्ट के तहत प्लेटफॉर्म पर सख्ती से असली उम्र की पुष्टि अनिवार्य की जाए। इसका मतलब यह होगा कि यूजर को साबित करना पड़ेगा कि वह 15 साल से ऊपर है या नहीं। लॉर मिलर ने माना कि नियमों से बचने के रास्ते हमेशा निकल सकते हैं, लेकिन उनका कहना था कि कम से कम बच्चों को ऑनलाइन नुकसान से बचाने की दिशा में ठोस कदम तो उठाया जाना चाहिए।

## जासूस बनिए....






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. साले की पत्नी-4
3. उच्च कुल का-3
5. पाताल-4
8. व्यंग्य, चुटीली बात-2
10. दुख, कष्ट-2
11. शराब का प्याला-2
13. सत्य, तेज-2
14. जुड़वा-3
15. विश्राम, राहत-3
17. मक्का-मदीना की यात्रा-2
19. झुका हुआ-2
21. होठ, अधर-2
23. सुरक्षित-4
25. नाश, विनाश, विध्वंस-3
26. निश्चित-4

**ऊपर से नीचे**

1. नदी-3
2. संपत्ति, धन-2
3. वंश, खानदान-2
4. उत्तमता, परिष्कृतता-4
6. समुद्र, दरिया-3
7. अंधकार-2
9. जो जायज न हो-4
12. संस्कृत में 'मेरा'-2
13. सपाट-4
16. जांघ-2
17. पैंगबर, महापुरुष-4
18. रनिवास (उर्दू-3)
20. हुनर, फन-2
22. देह, काया-3
23. गलत का विलोम-2
24. निश्चित-2

## पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 50 | | 5 | | 75 | | 65 | = | 20 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 10 | | 25 | | 5 | | 4 | = | 34 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 25 | | 2 | | 55 | | 14 | = | 64 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 20 | | 5 | | 3 | | 25 | = | 12 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 35 | | 12 | | 45 | | 30 | = | 108 / 60 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | नि | ज | थ | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | आ | ख | वै | द | इ | ह | मे |
| सिं | व | ना | पू | ग | खा | थ | दि | ग | क | सो |
| धु | वी | न | ते | र्व | ज | क्ष | म | क | त | पो |
| घा | त | र | दा | री | लं | ग | गो | ग | व | व |
| टी | अ | म | सु | य | अ | पू | न | रो | र | मि |
| ती | र्ज | सी | मे | हि | प | नु | श | म | ज | या |
| क | ल | ग | रि | वि | व | नी | प | ल | न | ण |
| ने | व | म | य | या | चि | त्या | री | म | प | क |
| ज | ग | त | न | ज | ज | त्र | दा | जी | र्य | त |
| वे | वी | लो | मि | या | ल | ज | र | बा | त | थ |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 7 | | | 5 | |
| 2 | 28 | | 40 | 7 | 35 | |
| | | 5 | 6 | 4 | | 3 |
| 5 | 28 | | 38 | | 34 | 1 |
| 4 | 2 | | | | 1 | 7 |
| | 31 | 2 | 24 | 1 | 30 | |
| 7 | | 1 | 4 | | | 5 |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

उर्दू के टीचर ने सवाल पूछा - 'नाकाम इश्क' और 'मुकम्मल इश्क' में क्या फर्क होता है...?
छात्र ने जवाब दिया - 'नाकाम इश्क' बेहतरीन शायरी करता है, गजल गाता है, पहाड़ों में घूमता है, उम्दा शराब पीता है। और 'मुकम्मल इश्क' सब्जी के साथ मुफ्त में धनिया कैसे मिले, रास्ते से ब्रेड लाते और दाल में नमक ज्यादा के फेर में दम तोड़ देता है।

00000000

बीवी ने पति को मैसेज किया - आपको पड़ोसन कैसी लगती है...?
बीवी को खुश करने के लिए पति ने रिप्लाई किया - बंदरिया जैसी...!
बीवी - ठीक है तो आते समय मेरे लिए दो साड़ी लेते आना, नहीं तो ये मैसेज पड़ोसन को दिखा दूंगी...!

00000000

एक व्यक्ति घर में पत्नी का आठवीं कक्षा का रिपोर्ट कार्ड मिला।
पता चला कि वो पत्नी का चरित्र प्रमाण पत्र था, जिसपर लिखा था - मधुरभाषी एवं शांतिप्रिय छात्रा!
पति तब से बंदूक लेकर उस हेडमास्टर को ढूंढ रहा है, जिसने चरित्र प्रमाण पत्र बनाया था...!


00000000

पत्नी - सुनो जी, आज से तुम रोजाना शराब पिया करो...!
पति - क्यों...?
पत्नी - क्योंकि, आप नशे में ज्यादा काम करते हो...!
पति - मैं कुछ समझा नहीं...?
पत्नी - अरे कल तुम शराब पीकर आए तो नशे में सारे गंदे पड़े बर्तन धो डाले, और मेरे पांव भी दबाए...!

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# दुनिया को डराने वाले ट्रम्प यूरोप के आगे क्यों झुके :27 देशों ने 'ट्रेड बाजूका' की धमकी दी





अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्विट्जरलैंड के दावोस में हुए वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में जिस तरीके से यूरोपीय देशों की खिल्ली उड़ाई, उसी से साफ हो गया है कि वे इन्हें कितनी अहमियत देते हैं।

इसी बैठक से यूरोप को एक अहम सबक भी मिला। दावोस ने यूरोप को सिखाया कि जब सभी देश मिलकर सीमाओं और संप्रभुता की रक्षा करते हैं, तो बड़े देशों के दबाव का मुकाबला किया जा सकता है।

ट्रम्प ने जब इन देशों पर 1 फरवरी से 10% टैरिफ लगाने की धमकी दी तो, यूरोप ने अमेरिका पर 'ट्रेड बाजूका' लगाने की धमकी दी। इसका मतलब साफ था कि यूरोप भी पूरी ताकत से जवाबी आर्थिक कदम उठाने के लिए तैयार है। आखिरकार दुनिया को टैरिफ से डराने वाले ट्रम्प को यूरोपीय यूनियन (एव) के 27 देशों के आगे झुकने पड़ा।




## घबराए ट्रम्प ने 10% टैरिफ हटाया




### आखिर यह ट्रेड बाजूका क्या है जिसकी वजह से दुनिया के सबसे ताकतवर नेता को अपने कदम वापस खींचने पड़े...

ट्रेड बाजूका दरअसल यूरोपीय यूनियन (एव) का एक खास कानून है, जिसका असली नाम है एंटी-कोएर्शन इंस्ट्रूमेंट। इस कानून का मकसद यह है कि अगर कोई देश एव या उसकी कंपनियों पर गलत तरीके से दबाव बनाए (जैसे टैरिफ लगाकर धमकाना), तो एव उसके जवाब में सख्त आर्थिक कदम उठा सके।

इसके तहत एव- उस देश के सामान का इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट रोक सकता है उसकी कंपनियों को एव के सरकारी टेंडर से बाहर कर सकता है उस देश के निवेश पर पाबंदी लगा सकता है यानी कि अगर यूरोपीय यूनियन चाहे तो अपने 45 करोड़ लोगों वाले बड़े बाजार का दरवाजा ही बंद कर सकता है।

## चीन के खिलाफ बने कानून से अमेरिका को डराया

साल 2021 की बात है। यूरोपीय देश लिथुआनिया ने ताइवान को अपनी राजधानी विल्नियस में रिप्रेजेंटेटिव ऑफिस खोलने की इजाजत दे दी। इससे चीन नाराज हो गया। उसे लगा कि लिथुआनिया, ताइवान के इंटरनेशनल दर्जे को बढ़ावा दे रहा है। चीन ताइवान को अपनी ही एक प्रांत मानता है और ऐसे किसी कदम को वन चाइना पॉलिसी का उल्लंघन मानता है। इसके बाद चीन ने लिथुआनिया और उससे जुड़े एव सामानों के व्यापार को रोक दिया। यूरोपीय यूनियन को इस घटना से सीख मिली। उसे लगा कि कि कोई भी बड़ा देश भविष्य में इसी तरह उसके सदस्य देशों या कंपनियों पर दबाव बना सकता है। दिसंबर 2021 से 'एंटी-कोएर्शन इंस्ट्रूमेंट' कानून को बनाने की शुरूआत हुई। ताकि अगर कोई देश व्यापार या निवेश के जरिए यूरोप पर दबाव डाले, तो एव उसके खिलाफ सख्त आर्थिक कदम उठा सके। दिसंबर 2023 में यह कानून बनकर तैयार हो गया।

### मिलकर लड़ें तो बड़े देशों से लड़ा जा सकता है

न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, देशों की सीमाएं और उनकी आजादी यूरोप की सोच की बुनियाद है। यह समझ दूसरे विश्व युद्ध के बाद बनी, जब बड़ी ताकतों के जमीन हड़पने की जिद की वजह से लाखों लोग मारे गए। उस अनुभव से यूरोप ने सीखा कि छोटे देशों को बड़ी ताकतों से बचाने का सबसे अच्छा तरीका सब मिलकर एक-दूसरे की सीमाओं की रक्षा करना है। आज यूरोप को फिर से बड़ी ताकतों की बढ़ती जिद का सामना करना पड़ रहा है। रूस यूक्रेन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहा है, जबकि पहले वह खुद यूक्रेन की आजादी को मान चुका है। दूसरी तरफ अमेरिका, डेनमार्क से ग्रीनलैंड अपने कब्जे में देने की बात कर रहा है, जबकि डेनमार्क यूरोप और नाटो का भरोसेमंद साथी देश है।

## यूक्रेन की 20% जमीन पर रूस का कब्जा

### जंग से पहले | फरवरी, 2022




### जंग के बाद | अगस्त, 2025




- यूक्रेन के इलाकों पर रूस का कंट्रोल
- रूस समर्थित अलगाववादियों के कब्जे वाले क्षेत्र

## EU का 'ट्रेड बाजूका' क्या है?

ट्रेड बाजूका- EU का कानून, जिसके तहत वो उसके सदस्य देश या कंपनी पर दबाव डालने वाले देशों के साथ व्यापार रोक सकता है।




### EU क्या कर सकता है

- इम्पोर्ट-एक्सपोर्ट पर रोक
- सरकारी टेंडर्स से बाहर
- विदेशी निवेश पर पाबंदी

45 करोड़ कस्टमर वाला EU बाजार बंद

### क्यों बना कानून


- चीन-लिथुआनिया विवाद, ताइवान से रिश्तों पर चीन का दबाव।

### खास बात

- ट्रेड बाजूका नाम फ्रांसीसी राष्ट्रपति मैक्रों ने दिया
- लागू होने में कम से कम 6 महीने
- डर दिखाना मकसद, इस्तेमाल आखिरी विकल्प

### अमेरिका-EU व्यापार

कुल ट्रेड - ₹81 लाख करोड़




| अमेरिका से EU निर्यात | EU से अमेरिका निर्यात |
|---|---|
| ₹30.7 लाख करोड़ | ₹50.3 लाख करोड़ |
| निर्यात : पेट्रोलियम, मशीनरी, फार्मास्यूटिकल्स, एयरक्राफ्ट्स | निर्यात : मोटर वाहन, मोटर पार्ट्स, मशीनरी, रासायनिक पदार्थ |

सोर्स- 2024 United States Trade Representative (USTR)

■ वर्ष-12 अंक-86 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश | छत्तीसगढ़ | गुजरात | महाराष्ट्र | राजस्थान | उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 28 जनवरी, 2026

## सुभाषितानि

अश्वदायि गोदायि धनदायि महाधने।
धनं मे जुषतां देवि सर्वकामांश्च देहि मे॥

**भावार्थ** : अश्वदायिनी, गोदायिनी, धनदायिनी, महाधनस्वरूपिणी हे देवि ! मेरे पास सदा धन रहे, आप मुझे सभी अभिलषित/इच्छित वस्तुएँ प्रदान करें।

पद्मानने पद्मऊरु पद्माक्षि पद्मसम्भवे।
तन्मे भजसि पद्माक्षि येन सौख्यं लभाम्यहम्॥

**भावार्थ** : कमल के समान मुखमण्डल वाली! कमल के समान ऊरुप्रदेश वाली! कमल के समान नेत्रोंवाली! कमल से आविर्भूत होनेवाली! पद्माक्षि! आप उसी प्रकार मेरा पालन करें, जिससे मुझे सुख प्राप्त हो।

## उपनिर्वाचने जनसमूहः स्थानीय विषयाणां प्राथमिकताम् अददात

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

दलस्य आसनानां संख्या १९ तः २० यावत् वर्धिता अस्ति, यत् २०२० तमस्य वर्षस्य निर्वाचने प्राप्तानां आसनानां संख्यायाः दुगुणम् अस्ति। यूडीएफ-नेतारः वदन्ति यत् राजधानीयां संस्थायाः कृते एषा विजयः सकारात्मकः संकेतः अस्ति। उपनिर्वाचने जनसमूहः स्थानीयविषयाणां प्राथमिकताम् अददात् इति तेषां दावाः। एलडीएफ-पक्षाय अपि एकः आघातः एतत् परिणामं सीपीआईएम-नेतृत्वेन एलडीएफ-सङ्घस्य कृते अपि निराशाजनकम् आसीत्। विझिन्जम्-वार्डः पूर्वपरिषदे एलडीएफ-पक्षस्य कृते आसीत्, परन्तु अस्मिन् समये दलं तत् आसनं धारयितुं असफलः अभवत्। नगरनिगमस्य एलडीएफ-पक्षस्य कुलसीटाः २९ एव सन्ति। पक्षस्य नेतारः मन्यन्ते यत् निकटप्रतिस्पर्धायाः अभावेऽपि अन्तिमनिमेषे समर्थनं स्खलितम्।

## सम्पादकीयम्

### निर्वाचनआयोगेन

एस.आइ.आर.-मध्ये किं किं समावेशितव्यम् सामान्यजनस्य पूर्णः अवसरः भवेत। उत्तरप्रदेशे विशेषसघनपुनरीक्षणस्य मसौदासूची प्रकाशिता अस्ति, यत्र २८.९ मिलियनं नाम विलोपितम् अस्ति। निर्वाचनआयोगेन लोपस्य कारणानि व्याख्यातानि, परन्तु जनानां दावानां आक्षेपाणां च सरलप्रक्रियायाः आवश्यकता वर्तते। बिहारे एसआईआर-सञ्चालनं कृतम्, यत्र प्रारम्भिकसूचिकातः ६५ लक्षं नाम विलोपितम्। बहुराजनैतिकविवादस्य विलम्बस्य च अनन्तरं उत्तरप्रदेशे विशेषसघनपुनरीक्षणस्य मसौदासूची अन्ततः प्रकाशिता अस्ति। प्रथमचरणस्य अनन्तरं २८.९ मिलियननामानां लोपः पूर्वमेव प्रत्याशितम् आसीत् इति निर्वाचनआयोगेन उक्तम्। अद्यावधि येषां ११ राज्यानां, केन्द्रशासितानां च मसौदासूचिकाः प्रकाशिताः सन्ति, तेषां कुलम् ३६.९ मिलियनं नाम विलोपितम् अस्ति। मसौदासूची अन्तिमा नास्ति। अद्यापि जनानां दावानां आक्षेपाणां च अवसरः अस्ति, परन्तु प्रक्रिया सरलतया सामान्यनागरिकस्य सुविधानुसारं च भवेत्। बिहारस्य उदाहरणम्। प्रथमचरणस्य २.८९ कोटिनामानि विलोपितानि : बिहारे एस.आइ.आर. तत्र प्रकाशितायां प्रारम्भिकसूचौ ६५ लक्षं नाम विलोपितम् आसीत्, येन पर्याप्तः कोलाहलः जातः। यदा एषा सूची संशोधिता तदा १७.९ लक्षं मतदाताः योजिताः। उत्तरप्रदेशे अन्येषु च राज्येषु अपि एतादृशाः परिवर्तनाः दृश्यन्ते यत्र आक्षेपाः गृह्यन्ते वा गृह्यन्ते वा। बङ्गदेशे विवादः। आवश्यकी निर्वाचनप्रक्रिया अस्ति चेदपि एसआइआर-सम्बद्धाः अनेके विवादाः अद्यापि सन्ति।

### अमरोहानगरे केवलं कतिपयेषु निमेषेषु 12 द्विचक्रिकाः मार्गात् स्खलिताः

# येन 20 अधिकाः जनाः घातिताः प्रमादं कृत्वा जनाः क्रुद्धाः भवन्ति



ब्रह्मास्त्र ›› अमरोहा

मण्डले लघुवृष्ट्या सहसा एकः मार्गः खतरनाकः अभवत्, येन निमेषेषु एव दुर्घटनानां श्रृङ्खला अभवत्। वेव् शुगर मिल इत्यस्य समीपे मार्गे प्रायः १२ द्विचक्रिकाः वाहनानि स्खलितवन्तः, येन २० तः अधिकाः जनाः किञ्चित् घातिताः अभवन्। दिष्ट्या कोऽपि गम्भीररूपेण घातितः वा मृतः वा न अभवत्, परन्तु अस्याः घटनायाः कारणात् प्रशासनस्य, मिल-प्रबन्धनस्य च प्रमादस्य विषये प्रश्नाः उत्पन्नाः सन्ति।

प्रत्यक्षदर्शिनां स्थानीयनिवासिनां च मते इक्षुचक्रे अपशिष्टं मार्गे पूर्वमेव सञ्चितम् आसीत्। कृषकाः एतत् अपशिष्टं ट्रैक्टर-ट्रॉली-इत्यनेन स्वक्षेत्रेषु परिवहनं कुर्वन्ति, परन्तु परिवहनकाले अस्य अपशिष्टस्य बहुभागः मार्गे पतति। लघुवृष्टिः पतति एव अयं अपशिष्टः जलेन सह मिश्रितः भवति, स्निग्धः स्निग्धः पदार्थः भवति, येन मार्गः अत्यन्तं स्खलितः भवति शुक्रवासरे प्रातःकाले लघुवृष्टिः अस्य संकटस्य प्रवर्तनार्थं पर्याप्तं सिद्धा अभवत्।

कथ्यते यत् अनेके द्विचक्रिकाः सामान्यवेगेन गच्छन्ति स्म, परन्तु यथा यथा ते स्थानं प्राप्नुवन्ति स्म तथा तथा ते सहसा नियन्त्रणं त्यक्त्वा स्खलितुं आरब्धवन्तः निमेषेषु एव द्विचक्रिकाः क्रमेण पतित्वा अराजकतां जनयन्ति स्म। स्थानीयजनाः आहतानाम् उद्धृत्य मार्गपार्श्वे नीत्वा प्राथमिकचिकित्सां कृतवन्तः। पुनः पुनः दुर्घटनानां सूचनां प्राप्य वे० शुगर मिल प्रबन्धनम् कार्ये प्रवृत्तम्। मिलस्य अग्निशामकदलं घटनास्थले प्रेषितम्, येन मार्गे जलं सिञ्चित्वा सञ्चितं इक्षुकचराणि अपसारितानि। पुलिसैः ट्रैक्टरेन मार्गस्य स्वच्छता अपि कृता। सफाईकार्यस्य समाप्तेः अनन्तरं यातायातस्य पुनः स्थापना अभवत्। अमरोहापुलिसः अवदत् यत् २०२६ तमस्य वर्षस्य जनवरी-मासस्य २३ दिनाङ्के ब्लू बड्स्-'विद्यालयस्य सम्मुखे मार्गे इक्षु-अवशेषाः वर्षायां स्खलित-स्थितयः अभवन् परिस्थितेः तीव्रताम् अवलोक्य तत्कालं कार्यवाही कृता, शर्कराचक्रे अग्निशामकयन्त्रस्य, ट्रैक्टरस्य च साहाय्येन मार्गः स्वच्छः कृतः सम्प्रति तस्मिन् मार्गे सामान्यतया यातायातस्य प्रचलनं भवति। तथापि स्थानीयनिवासिनः वदन्ति यत् एषा प्रथमा घटना नास्ति। इक्षुमर्दनकाले प्रायः अस्मिन् मार्गे कचरा पतति, वर्षा भवति एव स्थितिः प्राणघातकः भवति।

### सः सीआईएसएफ-विमानस्थानकं

## क्षेत्रं मुख्यालयं च टैग कृतवान्, तेषां समर्पितायाः शीघ्रसेवायाः

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

शुभेन्दुः अपि अस्य अनुभवस्य लघुहृदयात्मकं आख्यानं साझां कृतवान्क्षेत्रं मुख्यालयं च टैग कृतवान्, तेषां समर्पितायाः शीघ्रसेवायाः च धन्यवादं कृतवान्। सः लिखितवान् यत् तस्य चक्षुषः दर्शनार्थं जिज्ञासुः सीआईएसएफ-कर्मचारिणः तस्य याहच्छिकं फोटो अपि गृहीतवन्तः, यत् सः हास्येन उत्तरलेखे योजितवान्।

अस्य पदस्य आधिकारिकप्रतिक्रिया अपि सीआइएसएफ-संस्थायाः प्राप्ता। आधिकारिक सीआईएसएफ विमानस्थानकक्षेत्रस्य खातेः प्रतिक्रियारूपेण तया उक्तं यत यात्रिकस्य प्रशंसा प्रेरणास्रोतः अस्ति। यात्रिकाणां सहायतायै, रक्षणाय च अत्यन्तं समर्पणेन, प्रामाणिकतया च स्वकर्तव्यं निरन्तरं करिष्यन्ति इति सीआईएसएफ-संस्थायाः कथनम् अस्ति। शुभेन्दु इत्यस्य पदस्य अनन्तरं बहवः सामाजिकमाध्यमप्रयोक्तारः स्वस्य अनुभवान् साझां कृतवन्तः। एकेन ज्ञापितं यत् भुवनेश्वरविमानस्थानके कर्मचारिणः एकस्य यात्रिकस्य नष्टं लैपटॉपं प्रत्यागतवन्तः, अपरः बेङ्गलूरुविमानस्थानके स्वस्य स्मार्टघटिकां पुनः प्राप्तुं स्वस्य अनुभवं साझां कृतवान् अनेके उपयोक्तारः - कर्मचारिणः सहायकाः, उत्तरदायी, प्रशंसनीयाः च इति प्रशंसन्ति स्म। एषा घटना पुनः सिद्धयति यत् सुरक्षाबलाः केवलं नियमानाम् प्रवर्तने एव सीमिताः न सन्ति; यात्रिकाणां प्रति तेषां सतर्कता, प्रामाणिकता च जनविश्वासं सुदृढं करोति। भुवनेश्वरविमानस्थानके सीआईएसएफ-संस्थायाः एषा उपक्रमः सामाजिकमाध्यमेषु सकारात्मकचर्चाम् उत्पन्नवती अस्ति।

## राशिफल

**मेष** : नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी, कार्यक्षेत्र में बदलाव के साथ स्थान परिवर्तन भी हो सकता है।

**वृषभ** : टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के लिए बेहतरीन अवसर नजर आ रहे हैं। पार्टनर के साथ कुछ बेहतरीन पल बिताएं।

**मिथुन** : कुछ लोग घर की मरम्मत करा सकते हैं। किसी परीक्षा को हल्के में लेना आपके हित में नहीं होगा।

**कर्क** : मौज-मस्ती भरी छुट्टियों पर कुछ जातकों का पैसा खर्च हो सकता है। अच्छा प्रॉफिट हो सकता है।

**सिंह** : संतान को लेकर मन में चिंता रहेगी। व्यापार ठीक चलेगा। तांबे की वस्तु दान करें।

**कन्या** : प्रोमोशन के लिए पहल करने का यह सही समय है। अपने परिवार के संपर्क में रहने से आपको मानसिक शांति मिलेगी।

**तुला** : गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। भाग्य साथ देगा। यात्रा में लाभ मिलेगा। आर्थिक मामले सुलझेंगे।

**वृश्चिक** : जिस दोस्त पर आपने भरोसा जताया है, वह आपको निराश नहीं करेगा। जल्द ही नया मौका मिल सकता है।

**धनु** : पिछले बकाया से कुछ लोगों को पैसों के मामले में राहत मिलने की संभावना है। सैलरी बढ़ने की उम्मीद कर सकते हैं।

**मकर** : बिजनेस करने वालों के लिए कल अच्छा दिन है। शहर से बाहर का कोई व्यक्ति शुभ समाचार लेकर आ सकता है।

**कुंभ** : अच्छा प्रदर्शन करने की संभावना अधिक नजर आ रही है। घरेलू हेल्थ टिप्स कुछ लोगों के लिए फायदेमंद साबित होगी।


**मीन** : दिन आनंददायक बीतने वाला है, क्योंकि आप कल का दिन दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ बिता सकते हैं।

## ज्योतिष/वास्तु

# शनि ने किया नक्षत्र परिवर्तन, इन राशि वालों के मान-सम्मान में होगी वृद्धि

20 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 13 मिनट पर शनि अपने ही नक्षत्र उत्तराभाद्रपद में प्रवेश कर चुके हैं। इससे कुछ राशि वालों को विशेष लाभ प्राप्त होगा और उन्हें शनि की विशेष कृपा भी प्राप्त हो सकती हैं। ऐसे में आइए इन लकी राशियों के नाम जानते हैं।

न्याय के देवता शनिदेव वर्तमान में मीन राशि में गोचर कर रहे हैं। इसी दौरान उन्होंने 20 जनवरी 2026 को अपना नक्षत्र परिवर्तन भी कर लिया है। ज्योतिषियों के मुताबिक, 20 जनवरी को दोपहर 12 बजकर 13 मिनट पर शनि अपने ही नक्षत्र उत्तराभाद्रपद में प्रवेश कर चुके हैं। चूंकि इस नक्षत्र के स्वामी शनि स्वयं हैं, इसलिए यह अत्यंत शुभ



और प्रभावशाली माना जा रहा है। इस स्थिति में उनकी शक्तियां कई गुना बढ़ जाती हैं, जिससे कुछ राशियों को विशेष रूप से कार्यों में मनाचाहे परिणामों की प्राप्ति होगी। इन राशि वालों को करियर में उन्नति, धन लाभ और विदेश यात्रा के मौके मिल सकते हैं। साथ ही तनाव का स्तर भी कम होने की संभावनाएं हैं। ऐसे में आइए इन लकी राशियों के नाम जानते हैं।

**मिथुन राशि–** मिथुन राशि वालों की आर्थिक स्थिति पहले से और मजबूत होगी। निवेश, करियर-कारोबार, रिश्तों और सरकारी क्षेत्रों में मनचाहे परिणाम हासिल करेंगे। पारिवारिक और सामाजिक संबंधों में सामंजस्य बना रहेगा। लंबे समय से अटके हुए काम पूरे होंगे, जिससे मन में संतोष और आत्मविश्वास बढ़ेगा कार्यक्षेत्र में आपके मान-सम्मान में इजाफा होगा और लोगों पर प्रभाव भी अधिक रहेगा। आपकी किस्मत आपके पक्ष में रहेगी। नए आय के स्रोत भी सामने आएंगे।

**कर्क राशि –** धन से जुड़े मामलों में सोच-समझकर किया गया निवेश भविष्य में संतोष देगा। कोई घर या वाहन खरीदने का सपना पूरा होता हुआ नजर आएगा। आपकी मेहनत को सही दिशा मिलेगी, जिससे लाभ और प्रभाव दोनों बढ़ेगा। यह समय आपके लिए उत्साहजनक और लाभकारी रहेगा। चुनौतियों का सामना करना आसान होगा। करियर में मनचाही सफलता प्रयासों का फल देगी। विवाह के लिए प्रेम प्रस्ताव आ सकता है।

**मकर राशि–** नए प्रोजेक्ट में सफलता मिलने की पूरी संभावना बढ़ जाएगी। पारिवारिक माहौल सुखद रहेगा और अपनों का साथ मन को सुकून देगा। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा और सम्मान में बढ़ोतरी होगी। स्वास्थ्य के लिहाज से समय अच्छा रहेगा समय अपने बड़े लक्ष्यों पर फोकस करने और नई योजनाओं को शुरू करने के लिए उपयुक्त है। नई योजनाओं से लाभ होगा और व्यापार विस्तार भी होता हुआ नजर आएगा। विदेश यात्रा पर जाने की कामना पूरी होगी। पारिवारिक संबंधों में सुधार होगा।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com